Web Portal
www.ghatatighatana.com

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -25 शुक्रवार,25 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

असत्य विजय भी हो जाए तो उसकी विजय अल्पकालिक होती है।
- लियोनार्ड-

## संक्षिप्त खबरें



### पत्रकारों को आतंकी धमकी का मामला

**जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी**

**श्रीनगर ,24 नवंबर2022(ए)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस स्थानीय पत्रकारों को ऑनलाइन आतंकी धमकी देने के मामले में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। श्रीनगर पुलिस ने ट्विटर पर कहा, ऑनलाइन पत्रकार धमकी मामले में श्रीनगर, बडगाम और पुलवामा जिलों में कई स्थानों पर तलाशी चल रही है। यह तलाशी इसी मामले में कुछ दिन पहले की गई सर्चिंग से प्राप्त सुराग के बाद की जा रही है।
इसी तरह की जांच के सिलसिले में पिछले हफ्ते अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई थी।

### ऑपरेशन में छह की गई आंखों की रोशनी



**कानपुर ,24 नवंबर2022(ए)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद छह वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की रोशनी चली जाने के बाद शहर के एक नर्सिंग होम के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। सभी छह का हाल ही में आराध्या नर्सिंग होम में आयोजित नेत्र जांच शिविर में ऑपरेशन किया गया था। जिन लोगों का ऑपरेशन किया गया उनमें से छह ने रोशनी, सिरदर्द और आंखों में दर्द की शिकायत की।
उन्होंने दावा किया कि वे देख नहीं सकते और उनकी आंखों में अत्यधिक दर्द हो रहा था। हंगामे के बाद सीएमओ आलोक रंजन ने पत्रकारों को बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद कोई कार्रवाई की जाएगी।

### एक और महिला का शव मिलने से हड़कंप




**नई दिल्ली ,24 नवंबर2022(ए)।** दिल्ली-एनसीआर में एक और दर्दनाक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि फरीदाबाद की सूरजकुंड पाली रोड के पास जंगलों में शव मिला है। शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। अभी शव की पहचान नहीं हो सकी है। लेकिन कपड़ों के आधार पर पुलिस का कहना है कि शव महिला का है। सूटकेस में शव का ऊपर वाला हिस्सा नहीं है। नीचे का ही हिस्सा मिला है। पुलिस शव के ऊपर वाले हिस्से को ढूंढ रही है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। थाना पुलिस के अनुसार महिला की उम्र करीब 30 साल है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ऐसा ही मामला मथुरा में शुक्रवार को सामने आया था जिसमें यमुना एक्सप्रेस-वे की एक सर्विस लेन के पास सूटकेस में युवती का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान दिल्ली के बदरपुर की निवासी के रूप में हुई है। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि युवती की पहचान (21) आयुषी यादव के रूप में हुई है।

# केंद्र सरकार ने द अशोक होटल का तय किया मूल्य



**नई दिल्ली,24 नवंबर 2022 (ए)।** सरकार ने राष्ट्रीय मौद्रीकरण कार्यक्रम के तहत दिल्ली के प्रतिष्ठित द अशोक होटल का सांकेतिक मूल्य 7,409 करोड़ रुपये तय किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन' योजना की शुरुआत पिछले वर्ष की थी। सूत्रों ने यह बताया। द अशोक और उसके निकट स्थित होटल सम्राट भारतीय पर्यटन विकास निगम की परिसंपत्तियां हैं जो इस योजना में सूचीबद्ध हैं। सूत्रों के मुताबिक निवेशकों से विचार-विमर्श किया जा चुका है और होटल की बिक्री के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी पर विचार किया जा रहा है।
25 एकड़ क्षेत्र में फैला द अशोक दिल्ली के बीचोबीच स्थित है। एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, 'अशोक होटल का मौद्रीकरण निजी-सार्वजनिक भागीदारी के जरिए होगा। इसके लिए सांकेतिम मूल्य 7,409 करोड़ रुपये तय किया गया है।' विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचना परिसंपत्तियों के मूल्य का लाभ उठाने के लिए सीतारमण ने अगस्त 2021 में चार साल के लिए 6 लाख करोड़ रुपये की एनएमपी की घोषणा की थी। सरकार 2022-23 में अब तक एनएमपी के तहत 33,422 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण कर चुकी है।

**मुद्रीकरण के मामले में कोयला मंत्रालय सबसे आगे**

बता दें कि नीति आयोग ने इन्फ्रास्ट्रक्चर लाइन मंत्रालयों के परामर्श से एनएमपी पर रिपोर्ट तैयार की थी। 14 नवंबर को नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर के साथ बैठक में वित्त मंत्री ने एनएमपी कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की थी। सरकार ने 2022-23 में एनएमपी के तहत अब तक 33,422 करोड़ रुपये की संपत्ति का मुद्रीकरण किया है। बता दें कि मुद्रीकरण के मामले में कोयला मंत्रालय 17,000 करोड़ रुपये जुटाकर सूची में सबसे आगे है। गौरतलब है कि 2021-22 में मोदी सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के लेन-देन को पूरा करके कार्यक्रम के पहले साल के 88,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार कर लिया।
सूत्रों ने कहा कि सरकार के ताजा अनुमान के मुताबिक 2022-23 में 1,62,422 करोड़ रुपये के ओवरऑल एसेट मोनिटाइजेशन के लक्ष्य को हासिल करने में 38,243 करोड़ रुपये की कमी रहने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा, %वर्तमान वित्त वर्ष में एनएमपी के तहत एसेट मोनिटाइजेशन से संभावित वसूली अब 1,24,179 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली ,24 नवंबर 2022(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज पिछले सप्ताह नियुक्त चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति से संबंधित फाइल को पढ़ा और कहा कि फाइल को जल्दबाजी में पास किया गया है । कोर्ट ने इस बारे में केंद्र से सवाल भी किया। केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के समक्ष चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति से संबंधित ओरिजनल फाइल को पेश किया गया । जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन फाइलों पर गौर किया और कहा कि फाइल बहुत जल्दबाजी में पास किये गये हैं।

**19 नवंबर को हुई है नियुक्ति**

कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयुक्त का पद 15 मई को खाली हुआ था और चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की फाइल को हड़बड़ी में पास करके 19 नवंबर को उनकी नियुक्ति कर दी गयी । महाधिवक्ता ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट से विस्तारपूर्वक विचार करने की अपील की है । सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति पर सवाल खड़े करते हुए केंद्र सरकार से उनकी नियुक्ति से संबंधित फाइल पेश करने को कहा था।

**नियुक्ति में अनियमितता की आशंका**

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह कहा था कि वह यह जानना चाहती है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति में कहीं कुछ अनुचित कदम तो नहीं उठाया गया है । सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कल केंद्र सरकार को आज तक का समय फाइल पेश करने के लिए दिया था । हालांकि केंद्र ने यह दावा किया है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सब चीज ठीक है।

**1985 बैच के आईएएस हैं अरुण गोयल**

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1985 बैच के अधिकारी है । उन्हें 19 नवंबर को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है. वे 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले थे । अपनी नयी भूमिका संभालने के बाद, गोयल मौजूदा सीईसी राजीव कुमार के फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे ।



### नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित बजट पूर्व बैठक में हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**नई दिल्ली ,24 नवंबर 2022(ए)।** केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बजट पूर्व बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हिस्सा लेंगे। बता दें कि 25 नवंबर को सुबह 11 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में देश के सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक बुलाई गई है।
बजट 2023-24 की तैयारी के संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यों से सुझाव और प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य के हित से जुड़े आर्थिक मुद्दों पर अपना प्रस्ताव पेश करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राज्य की लंबित मांगों की ओर भी वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़ी मात्रा में हथियार और आईईडी बरामद

**» ड्रोन से गिराए जाने की आशंका**

**श्रीनगर,24 नवंबर 2022 (ए)।** जम्मू-कश्मीर में सांबा के विजयपुर क्षेत्र में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार सुबह पुलिस को एक पैकेट मिला, जिसमें आईईडी और नकदी बरामद की गई है।
जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि यह ड्रोन से गिराया गया है। एडीशनल एसपी सुरिंदर चौधरी ने बताया कि सूत्रों से क्षेत्र के एक खेत में पैकेट मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर पैकेट को खोला तो उसमें दो पिस्टल, एक आईईडी, चार मैग्जीन, और पांच लाख रुपये की नकदी मिली। पुलिस जांच में जुट गई है।




बता दें कि इससे पहले बुधवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे कई अग्रिम गांवों में तलाशी अभियान चलाया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एसओजी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सीमा पार से हाल ही में घुसपैठ के प्रयासों के बाद सीमा क्षेत्र में करीब तीन घंटे का तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान तड़के एसएम पोरा, रामगढ़ सेक्टर के सपवाल, चमलियाल और नारायणपुर इलाकों में चला।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक की याचिका खारिज की

**प्रयागराज,24 नवंबर 2022 (ए)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2013 के मुजफ्फरनगर दंगा मामले में बीजेपी विधायक विक्रम सैनी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने अपने आदेश में कहा कि, अपीलकर्ता द्वारा उठाए गए आधार किसी भी तरह से अदालत में अपील नहीं करते हैं। अयोग्यता के परिणामस्वरूप होने वाली आपराधिक गतिविधियां राष्ट्र के हित, आम नागरिक के हित, सांप्रदायिक सद्भाव से संबंधित हैं। केवल यह दलील देकर कि अपीलकर्ता दोषसिद्धि से अयोग्य हो जाएगा, इसे निलंबित करने का कोई आधार नहीं है।



अदालत ने कहा कि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8, कुछ अपराधों में सजा के बाद अयोग्यता को निर्धारित करती है। अधिनियम द्वारा कवर किए गए भारतीय दंड संहिता के तहत ऐसे अपराध हैं जिनमें एक स्वस्थ के मूल मूल्यों को नष्ट करने की क्षमता है।



## चूहों ने खा लिया 581 किलो गांजा

**पुलिस के जवाब ने कोर्ट को किया हैरान**

**मथुरा ,24 नवंबर 2022 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मथुरा पुलिस के अनुसार थाने में रखा 581 किलो गांजा चूहे खा गए। दरअसल यह जवाब पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है। बता दें कि गांजे की इतनी बड़ी खेप मथुरा पुलिस ने दो मामलों में जब्त की थी, इसके बाद थाने के मालखाने में इसको साक्ष्य के तौर पर रखा गया। मगर 581 किलो गांजा चूहों के द्वारा डकारने की रिपोर्ट पढ़ने के बाद अच्छे-अच्छे लोगों के सिर चकरा गए।

**क्या है मामला**

शेरगढ़ और हाईवे थाना पुलिस ने साल 2018 में 386 और 195 किलो गांजा कुछ अपराधियों के साथ पकड़ा था। इसके बाद गांजे को मालखाने में जमा करा दिया गया। पुलिस ने सबूत के तौर पर गांजे का सैंपल भी कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद एडीजे सप्तम संजय चौधरी ने पुलिस को आदेश दिया कि गांजे की पूरी खेप को कोर्ट में सील मुहर के साथ प्रस्तुत किया जाए। मगर पुलिस ने कोर्ट में रिपोर्ट लगाई कि सारा गांजा चूहे खा गए। ऐसे में उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जा सकता है।

**कोर्ट ने मांगा सबूत**

पुलिस ने कोर्ट को बताया गया कि मालखाने में कोई भी ऐसी जगह नहीं है, जिसे चूहों से बचाया जा सके। पुलिस रिपोर्ट में बताया गया है कि चूहों के खाने के बाद जो कुछ गांजा बचा उसे नष्ट कर दिया गया। इस पर कोर्ट ने एसएसपी को थानों और मालखानों में चूहों से निपटने के लिए काम करने को कहा। साथ ही पुलिस को 26 नवंबर तक इस मामले में सबूत के साथ रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

## अभिनेत्री ऋचा चड्डा ने उड़ाया भारतीय सेना का मजाक

**नई दिल्ली ,24 नवंबर-2022(ए)।** भारत और चीन के बीच साल 2020 में गंभीर स्थिति पैदा हो गई थी । एक मई 2020 को भारत और चीन की सेना के बीच लद्दाख के गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच काफी तनाव का माहौल निर्मित हो गया था । इस बीच भारत ने चीन पर अनेक व्यापारिक प्रतिबंध लगाए हैं। बॉलीवुड अदाकारा ऋचा चड्ढा ने भारतीय सेना का मजाक उड़ाते हुए एक ट्वीट किया जिससे लोग भड़क गए। लोगों के रिएक्शन के बाद ऋचा चड्ढा ने ट्वीट डिलीट कर दिया लेकिन कई इसके स्क्रीनशॉट शेयर कर रहे हैं। ऋचा अपने ने पोस्ट में उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने जैसे आदेशों को लागू करने के लिए तैयार है।
अभिनेत्री ने बयान पर एक पोस्ट साझा करते हुए ट्वीट किया, 'गलवान कहता है हाय'। ऋचा चड्ढा के इस ट्वीट पर भाजपा के मनजिंदर सिंह सिरसा ने लिखा, शर्मनाक ट्वीट। जल्द से जल्द वापस लेना चाहिए। हमारे सशस्त्र बलों का अपमान करना उचित नहीं है। कई यूजर्स ने भी भारतीय सेना का मजाक उड़ाने और भारत-चीन के बीच 2020 में गालवान संघर्ष में जवानों के बलिदान को कम आकंने के लिए अभिनेत्री की आलोचना की।



बता दें कि उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का बयान मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पहले के बयान के संदर्भ में आया कि भारत का लक्ष्य पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को फिर से हासिल करना है। रक्षा मंत्री ने कहा था, ÷हमने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विकास की अपनी यात्रा अभी शुरू की है। जब हम गिलगित और बाल्टिस्तान पहुंचेंगे तो हम अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इस बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सेना के ओएस हमेशा सरकार के आदेशों को लागू करने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा, ÷जहां तक भारतीय सेना का संबंध है, वह भारत सरकार द्वारा दिए गए किसी भी आदेश को पूरा करेगी। जब भी ऐसे आदेश मिलेंगे हम इसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

## भारत आने से घबराए भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने चली नई चाल

**नई दिल्ली ,24 नवंबर2022(ए)।** धोखाधड़ी से ऋण समझौता करके और सहमति-पत्र हासिल कर पीएनबी के साथ बड़े स्तर पर जालसाजी करने और धोखाधड़ी से प्राप्त काले धन को सफेद करने से संबंधित मामले के आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने लंदन हाई कोर्ट में एक आवेदन दायर कर अपने भारत प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति मांगी है। लंदन की हाई कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले के मामले में करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना करने के लिए हाल ही में नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था। नीरव (51) अभी लंदन के वैंड्सवर्थ कारागार में बंद है। आम जनता के हित से जुड़े कानून के एक बिंदु के आधार पर उसके पास अपील दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय है।
ब्रिटेन के गृह मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, नीरव को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की राह में अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं। भारतीय अधिकारियों की ओर से काम कर रही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के अब नीरव के नए आवेदन का जवाब देने की उम्मीद है, जिसके बाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश लिखित में फैसला देंगे। क्रिसमस की छुट्टियों की वजह से यह मामला और भी लटक सकता है। न्यायाधीश जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायाधीश रॉबर्ट जे ने नीरव को भारत प्रत्यर्पित करने का फैसला नौ नवंबर को सुनाया था। अदालत ने मनोरोग विशेषज्ञों के बयान के आधार पर कहा था कि उसे ऐसा नहीं लगता कि नीरव की मानसिक स्थिति अस्थिर है और उसके खुदकुशी करने का जोखिम इतना ज्यादा है कि उसे भारत प्रत्यर्पित करना अन्यायपूर्ण और दमनकारी कदम साबित होगा।



फैसले में यह भी कहा गया कि प्रत्यर्पण के बाद हीरा कारोबारी को मुंबई की जिस आर्थर रोड जेल की बैरक 12 में रखा जाना है, उसमें सुरक्षा के ''पर्याप्त उपाय÷ किए गए हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने फैसले के बाद कहा था कि लंदन हाई कोर्ट में नीरव मोदी मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान दो मनोरोग विशेषज्ञों की गवाही उसकी खराब मनोवैज्ञानिक स्थिति के तर्क के खारिज होने में महत्वपूर्ण साबित हुई और इसके चलते फैसला भारत के पक्ष में आया। नीरव को इस साल फरवरी में जिला न्यायाधीश सैम गूजी की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत की प्रत्यर्पण के पक्ष में दी गई व्यवस्था के खिलाफ अपील करने की अनुमति दी गई थी।
नीरव के खिलाफ दो मामले हैं। एक धोखाधड़ी से ऋण समझौता करके और सहमति-पत्र हासिल करके पीएनबी के साथ बड़े स्तर पर जालसाजी करने से संबंधित है, जिसकी सीबीआई जांच कर रही है। वहीं, दूसरा मामला इस धोखाधड़ी से प्राप्त काले धन को सफेद करने से संबंधित है, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही है। नीरव पर साक्ष्यों को गायब करने और गवाहों को डराने-धमकाने के दो अतिरिक्त आरोप भी हैं।

### लड़कों को टाइम देकर बुलाती हैं,इस धार्मिक स्थल ने अकेली लड़कियों की एंट्री पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ,24 नवंबर 2022 (ए)।** जामा मस्जिद ने अकेले मस्जिद आने वाली लड़कियों की एंट्री बैन करते हुए अजीबोगरीब नोटिस चस्पा कर दिया गया है। नोटिस के मुताबिक जामा मस्जिद के पीआरओ सबीउल्लाह खान ने कहा, 'जो अकेली लड़कियां यहां आती हैं, लड़कों को टाइम देती हैं, यहां आकर गलत हरकतें करती हैं, वीडियो बनाई जाती हैं, उस चीज को रोकने के लिए इसपर पाबंदी लगाई गई है।' खान ने कहा कि 'आप अपनी फैमिली के साथ आएं, कोई पाबंदी नहीं हैं। मैरिड कपल्स आएं, कोई पाबंदी नहीं हैं। लेकिन किसी को टाइम देकर यहां आना, इसको मीटिंग पॉइंट समझ लेना, पार्क समझ लेना, टिकटॉक वीडियोज बनाना, डांस करना ये किसी भी धर्मस्थल के लिए मुनासिब नहीं है। चाहे वह मस्जिद हो, मंदिर हो या गुरुद्वारा।'




वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल इस आदेश का विरोध किया है। स्वाति मालीवाल ने कहा कि इस मामले में वह मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी करेंगी। वहीं मस्जिद प्रशासन का कहना है कि महिलाओं के साथ अश्लीलता को रोकने के लिए ये निर्णय लिया गया है।

## संपादकीय

# भाजपा के ऑपरेशन लोटस फेल हो रहे?

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है, वहां भाजपा के ऑपरेशन लोटस की चर्चा शुरू हो जा रही है। यात्रा जब तेलंगाना में थी तो लगभग सभी अखबारों में खबर छपी और टेलीविजन चैनलों पर दिखाया गया कि भाजपा महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी को तोड़ देगी। कहा गया कि राहुल की यात्रा जब महाराष्ट्र पहुंचेगी तो ऑपरेशन लोटस होगा और कांग्रेस के विधायक टूट कर भाजपा में शामिल होंगे। अब बुधवार यानी 23 नवंबर को यात्रा मध्य प्रदेश में प्रवेश कर रही है तो उससे पहले कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी के विधायक टूटेंगे, ऑपरेशन लोटस होगा। उससे पहले जब यात्रा केरल से कर्नाटक पहुंची थी तब भी यही कहा गया था।

हालांकि हकीकत यह है कांग्रेस न कर्नाटक में टूटी और न महाराष्ट्र में उसका कोई विधायक टूट कर भाजपा के साथ गया। ध्यान रहे भाजपा महाराष्ट्र में काफी समय से इसका प्रयास कर रही है। शिव सेना से टूट कर जब एकनाथ शिंदे गुट अलग हुआ और भाजपा के समर्थन से नई सरकार बनी तो उसके विश्वास मत प्रस्ताव पर वोटिंग के समय कांग्रेस के कई विधायक नहीं पहुंचे। उनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी शामिल थे। नहीं पहुंचने वाले विधायकों ने कहा कि वे ट्रैफिक में फंस गए थे लेकिन असल कहानी बताई गई कि ये विधायक कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने वाले हैं। अशोक चव्हाण के साथ साथ पृथ्वीराज चव्हाण के बारे में भी कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे।

लेकिन जब राहुल गांधी की यात्रा महाराष्ट्र पहुंची तो ये दोनों नेता यात्रा के साथ रहे। अशोक चव्हाण सारी तैयारियों में शामिल रहे क्योंकि यात्रा उनके क्षेत्र नांदेड़ से ही महाराष्ट्र में प्रवेश कर रही थी। इतना ही नहीं उनकी बेटी श्रीज्या नांदेड़ में पूरे समय राहुल गांधी के साथ रहीं। नांदेड़ में यह यात्रा 104 किलोमीटर चली और श्रीज्या पूरे समय राहुल के साथ पैदल चलीं। बाद में अशोक चव्हाण ने बताया कि उनकी बेटी राहुल गांधी की प्रशंसक है और वह उनके साथ कश्मीर तक पैदल चलने को तैयार है। ध्यान रहे चव्हाण ने अघोषित रूप से अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी बना दिया है और वे उनके पारंपरिक भोखर विधानसभा क्षेत्र में काम कर रही हैं।

यात्रा जब महाराष्ट्र में चल रही थी तो पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी उसमें शामिल हुए और उसी दौरान उनको गुजरात के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई। उनको भी पार्टी के पर्यवेक्षकों में शामिल किया गया। सो, जैसे कर्नाटक में योजना फेल हुई वैसे ही महाराष्ट्र में भी हुई। अब मध्य प्रदेश की चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा ऑपरेशन लोटस-2 की तैयारी कर रही है। यानी एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों को तोड़ा जाएगा। लेकिन इसकी संभावना कम दिख रही है। इक्का दुक्का विधायक टूटें तो अलग बात है लेकिन ज्यादातर विधायक अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अपने अपने क्षेत्र में काम करने में लग गए हैं।


## अनकहे अल्फाज



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

ख़ामोशियों के अनकहे, अल्फ़ाज़ हो तुम्ही।
तनहाईयों में गूंजती,आवाज हो तुम्हीं ।
आते हो दबे पांव,छुपके फिर भी,जाने क्यूं,
दिल से गुज़रती आहटों के, राज़ हो तुम्हीं।
धड़कन में बज रहा है, जो अनसुना नग़मा,
उसकी हर एक लय के हसीं साज हो तुम्हीं।
दिल जानता है तुम, बसे हुये हो उसी में,
सांसों की आयतों के,हमराज़ हो तुम्हीं ।
आमद हो जिनकी रुह तक,वो जाएंगे कहां,
आगाज़ से अंज़ाम का,अंदाज़ हो तुम्हीं ।
दरिया है इश्क का ये÷ गर डूब के स्वाती
होता हो फिर आगाज़ तो आगाज़ हो तुम्हीं।

## तस्बीह



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

चंद सांसें मिलीं जीने के लिए
दो आंसू मिले पीने के लिए
लबों पर एक फरियाद भी थी
काम आई ज़ख्म सीने के लिए
पैराहन-ए-रफ़ू हो चला अब
था परवान सफ़ीने के लिए
लोग जीते रहे, मगर अपनी
ज़िंदगी बीती करीने के लिए
कुछ मोती बचाए थे हमने
इन आंखों के नगीने के लिए
रौनक-ए-दुनिया रास आती नहीं
ली तस्बीह मदीने के लिए

## कैफ़ियत



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

तेरी बेकरारी से मेरी कैफियत मिले तो कहना।
मैंने लिखे प्यार भरे,तुझे वो खत मिले तो कहना।
फिलहाल मशरूफ हूँ जिंदगी की जद्दोजहद में,
कभी हम को,कभी तुम को फुरसत मिले तो कहना।
बस यही गुनाह किया हर बार, के चाहा है तुझे,
इसके अलावा कोई भी शिकायत मिले तो कहना।
चंद खत,चंद नज्म, और ढेर सारी मुसीबतें,
मेरे आशियाँ से कोई और दौलत मिले तो कहना।
आदत हो गई, सितमगर तेरे हर सितम की,
तू सितम कर,रूह में हरकत मिले तो कहना।

## ख़्वाब



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

ख़्वाब इन आंखों में फिर आँखों में पानी
फिर सारे वो बह गए सब कोशिशें बेमानी
बढ़ते रहे हम राहों में वो राहें थी अंजानी
उम्मीद लिए थे साथ नसीब ने की बेईमानी
महल बने ख़्वाबों में एक प्यारी सी कहानी
नींद खुली तो देखा न था कोई राजा,न रानी

# राजस्थान कांग्रेस में नहीं थम रहा घमासान



रमेश सर्राफ
धमोरा
झुंझुनू,
राजस्थान

राजस्थान कांग्रेस में मचा घमासान थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पिछले 25 सितंबर को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का पार्टी विधायकों द्वारा बहिष्कार करने की घटना के बाद राजस्थान कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर पहुंच गई हैं। पार्टी के नेता एक-दूसरे के खिलाफ खुलकर बयान बाजी कर रहे हैं। पार्टी में अनुशासन नाम मात्र का भी नहीं बचा है। कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों के उपरांत भी नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई कर मनमाने बयान दे रहे हैं। इससे आम जन में कांग्रेस की नकारात्मक छवि बन रही है।

25 सितंबर को जिस तरह से गहलोत समर्थक विधायकों ने गुटबाजी कर पार्टी आलाकमान के पर्यवेक्षक व वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस स्टेरिंग कमेटी के सदस्य तथा तत्कालीन प्रदेश प्रभारी अजय माकन द्वारा बुलाई गई विधायक दल की बैठक का बहिष्कार किया था। उसका परिणाम कांग्रेस को आने वाले लंबे समय तक भुगतना पड़ेगा। उस घटना से जहां पार्टी का अनुशासन तो तार-तार हुआ ही था। वही नेताओं में आपसी गुटबाजी भी इस कदर बढ़ गई कि एक गुट के नेता दूसरे गुट के नेता को देखना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। सचिन पायलट समर्थक नेता जहां आगामी चुनाव को देखते हुए पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। वही अशोक गहलोत समर्थक नेता किसी भी सूरत में पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देने का प्रयास कर रहे हैं।

गहलोत समर्थक विधायकों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी से बगावत कर सचिन पायलट व उनके समर्थक विधायक गद्दारों की श्रेणी में आ चुके हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री कैसे बनाया जा सकता है। उस समय यदि अशोक गहलोत सतर्क रहकर विधायकों को एकजुट नहीं करते तो पायलट समर्थक विधायक राजस्थान में भाजपा से मिलकर कांग्रेस की सरकार गिरा चुके होते। मगर मुख्यमंत्री गहलोत की सतर्कता के चलते ही सरकार बच पाई थी।

राजस्थान में सरकार गिराने का प्रयास करने वाले विधायक ही अब अपने नेता सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिसे किसी भी स्थिति में पूरा नहीं होने दिया जाएगा। 25 सितंबर को भी पायलट को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए ही पूरा ड्रामा रचा गया था। हालांकि उस दिन गहलोत समर्थक विधायक ऐसी हिमाकत कर बैठे जो अब उनके गले पड़ गई है। जिसे गहलोत समर्थक ना निगल सकते हैं ना उगल सकते हैं। उस घटना के बाद जहां पायलट समर्थक विधायक फ्रंट फुट पर आकर खेल रहे हैं। वहीं गहलोत समर्थक विधायक बचाव की मुद्रा में नजर आ रहे हैं।

25 सितंबर की घटना के मुख्य सूत्रधार रहे कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका तीनों नेताओं ने जवाब भी दे दिया था। मगर लंबे समय तक अनुशासन समिति द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने व



अनुशासन समिति के निशाने पर आए तीनो नेताओं को प्रदेश सरकार व संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपने के विरोध में राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेजकर किसी अन्य को राजस्थान का प्रभारी बनाने की मांग से राजस्थान की राजनीति में फिर से एक नया बवंडर उठ गया है।

माकन ने अपने इस्तीफे में लिखा है की जब आलाकमान के निर्देश की अवहेलना के मामले में जिम्मेदार नेताओं के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो नैतिक आधार पर उन्हें इस पद पर रहने का अधिकार नहीं है। माकन के इस्तीफे को गहलोत गुट पर दबाव के रूप में देखा जा रहा है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि राजस्थान के प्रकरण में कांग्रेस आलाकमान द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कर उसे ठंडे बस्ते में डाले जाने के कारण माकन ने इस्तीफा देकर पूरे प्रकरण को एक बार फिर नए सिरे से जिंदा कर दिया है।

यहां खास बात यह है कि अगले महीने के प्रारंभ में ही राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान से होकर गुजरेगी। माकन के इस्तीफे से अनुशासन समिति को गहलोत समर्थक तीनों नेताओं पर कार्यवाही करनी होगी। माकन के स्तीफे की घोषणा के बाद ही तीनों नेताओं को राहुल गांधी के यात्रा कार्यक्रम के लिए बनी कमेटी से भी हटा दिया गया है। इन्हें सरदार शहर विधानसभा उपचुनाव में भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इतना ही नहीं इन तीनों नेताओं को गुजरात विधानसभा चुनाव से भी अलग कर दिया गया है।

राजस्थान में एक साल बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में जहां पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट होकर अगले विधानसभा चुनाव जीतने की तैयारी करनी चाहिए थी। वहीं राजस्थान कांग्रेस में इसका उल्टा हो रहा है। यहां कांग्रेस के सभी नेता गुटों में बंटे हुए हैं तथा एक दूसरे को नीचा दिखाने व एक दूसरे की टांग खिंचाई करने में लगे हुए हैं। गहलोत पायलट विवाद एक बार फिर नए सिरे से उठ खड़ा हुआ है। पहले जहां गहलोत समर्थक पायलट गुट के नेताओं को बगावत करने वाला कहकर उनको पार्टी की मुख्यधारा से अलग-थलग रखते थे। वही 25 सितंबर की घटना के बाद पायलट गुट गहलोत गुट पर हमलावर है।

पायलट गुट के नेता मुख्यमंत्री गहलोत पर पार्टी आलाकमान की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हैं। पायलट समर्थक मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा तो खुलेआम कह रहे हैं कि यदि पायलट को शीघ्र ही मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया तो अशोक गहलोत के नेतृत्व में चुनाव जीतना मुश्किल ही नहीं असंभव है। गुढ़ा ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि गहलोत के नेतृत्व में ही पार्टी चुनाव लड़ती है तो विधायकों की संख्या दहाई के आंकड़े तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाएगी। इतने ही विधायक जीत पाएंगे जो एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में बैठ कर यात्रा कर सकें। कांग्रेस के लिए इससे हल्की बात और क्या होगी।

पार्टी विधायक दिव्या मदेरणा लगातार गहलोत सरकार के मंत्रियों को कटघरे में खड़ा कर रही हैं। वहीं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ओबीसी के आरक्षण के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर वादा खिलाफी का आरोप लगा रहे हैं। कई विधायक नए जिलों के गठन को लेकर सरकार पर हमलावर हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशों की कोई भी पार्टी नेता परवाह नहीं कर रहा है। राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास विभागीय सचिवों की गोपनीय रिपोर्ट भरने को लेकर मंत्रियों को अधिकार देने की मांग कर रहे हैं। गहलोत समर्थक मंत्री महेश जोशी, ममता भूपेश, परसादी लाल मीणा खाचरियावास के बयानों को गैरजरूरी बताकर खारिज कर रहें है। पायलट गुट के नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा से पहले राजस्थान को लेकर पार्टी आलाकमान ऐसा कोई फैसला करें जिससे दोनों गुट संतुष्ट हो सके और राजस्थान में चल रहा आपसी विवाद समाप्त हो सके। यदि राजस्थान कांग्रेस में चल रहे विवाद पर शीघ्र ही काबू नहीं पाया गया तो अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इसका भारी खामियाजा उठाना पड़ सकता है। पार्टी के नए अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे जिनकी मौजूदगी में जयपुर में 25 सितंबर की घटना घटित हुई थी। उनको आगे बढ़कर दोषी नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। पार्टी के सभी नेताओं को संतुष्ट कर एकजुट करना चाहिए। ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस फिर से सरकार बनाने की दिशा में एकजुटता से काम कर सके।

# भूकंप बिगाड़ सकते हैं हिमालय की सेहत

नवम्बर 6 और 12, 2022 को आए भूकंप के पांच झटकों ने संकेत दे दिया कि हिमालय के संवेदनशील पर्वत जो बाढ़ और भूस्खलन के लिए भी बहुत संवेदनशील है।

भविष्य में यहां फिर बड़ी तबाही का रूप धारण कर सकती हैं। पिछले 32 वर्षो के दौरान उत्तराखंड और नेपाल में आए भूकंप ने जिस तरह से हजारों लोगों की जान ले ली है, इसके बाद देखा गया कि पर्वतीय क्षेत्रों में बाढ़ एवं भूस्खलन ने बहुत तबाही मचाई है। कह सकते हैं कि पूरा हिमालय क्षेत्र आपदाओं का घर बन गया है। इसके बावजूद कोई सबक न लेकर हिमालय के विकास के स्थिर मॉडल के विषय पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा गया है।

सर्वविदित है कि भूकंप आते रहते हैं। यह ऐसी प्रक्रिया नहीं कि एक बार भूकंप आ गया तो उसके बाद शायद न आए। इसको समझने के लिए ढालदार व ऊंचे पर्वतों वाले हिमालय को जानना जरूरी है जिसके दो ढाल हैं उत्तरी और दक्षिणी। दक्षिणी ढाल में नेपाल, भूटान और भारत हैं। मध्य हिमालय (उत्तराखंड) दक्षिण ढाल पर है। हिमालय की 3 पर्वत श्रृंखलाएं हैं, जिसमें शिवालिक, लघु हिमालय और ग्रेट हिमालय हैं जो भूकंप के लिए अति संवेदनशील हैं। उत्तराखंड में आए 1991 के भूकंप के बाद वैज्ञानिकों के सर्वेक्षण से पता चला कि यमुना के उद्गम स्थल बंदरपूंछ से लेकर गंगोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ से पिथौरागढ़ और नेपाल तक की पहाड़ियों पर दरारें पड़ी हुई हैं जो लगातार आ रहे भूकंप के कारण चौड़ी होती जा रही है। यह भी सत्य है कि बार-बार भूकंप आने से कुछ दरारें आपस में पट जाती है और कुछ




अधिक चौड़ी हो जाती है, जिसमें बरसात के समय पानी भरने से जगह-जगह भूस्खलन पैदा करते हैं, जिसके कारण हिमालय के लोग हर साल अपनी आजीविका के संसाधनों की लगातार कमी महसूस कर रहे हैं और मानवीय त्रासदी झेल रहे हैं। बाढ़, भूकंप, भूस्खलन के लिए भूगर्भ वैज्ञानिकों ने पूरे हिमालय क्षेत्र को जोन 4 और 5 में रखा है। इसके बावजूद चिंता है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में कहीं भी भूकंप का सामना करने और बाढ़ नियंत्रण के ऐसे उपाय निर्माण कार्यों के दौरान नहीं देखे जाते हैं, जिससे आपदा के समय बचा जा सके।

भूकंप का खतरा हिमालय में इसलिए भी अधिक है क्योंकि शेष भू-भाग हिमालय को 5 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की रफ्तार से उत्तर की तरफ धकेल रहा है। इसका अर्थ है कि हिमालय क्षेत्र गतिमान है और यहां भूगर्भिक हलचल होती रहेगी। इसलिए भूकंप के बाद भूस्खलन स्वाभाविक घटना बन जाती है, लेकिन भूकंप की लगातार बढ़ती तीव्रता को ध्यान में नहीं रखेंगे तो हिमालय की खूबसूरती बिगड़ सकती है। क्योंकि हिमालयी राज्यों में अधिकतर निर्माण कार्य इन्हीं दरारों के आसपास हो रहे हैं और यहां की धरती में लगभग 15 किमी नीचे अनेकों भ्रंश सक्रिय हैं जो भूकंप की गतिशीलता को बढ़ाते रहते हैं। हिमालय की छोटी एवं संकरी भौगोलिक संरचना को नजरअंदाज करके सुरंग आधारित परियोजनाएं, बहुत चौड़ी सड़कें, बहुमंजिला इमारतों का निर्माण, वनों का व्यावसायिक कटान करने से बाढ़ एवं भूस्खलन के खतरे और अधिक बढ़ रहे हैं। इस तरह के निर्माण कार्य भूकंप की दरार वाले इलाकों में अधिक हो रहे हैं। लंबी-लंबी सुरंगों को बनाने के लिए विस्फोटों का इस्तेमाल हो रहा है। नदियों के किनारे अधिकतर घर, होटल और शहर बन रहे हैं। इसलिए बरसात के समय नदियों में आने वाली बाढ़ के लिए पर्याप्त स्थान न मिलने के कारण यहां पर बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए घरों को ही अधिक नुकसान पहुंचता है। अतः दरार वाले इलाकों में बड़े निर्माण कार्य करना एक तरह से भूस्खलन को न्योता देने जैसा ही है। हर निर्माण कार्य में जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए। जापान और ऑस्ट्रेलिया में भी जगह-जगह भूकंप की दरारें हैं, लेकिन वहां सड़क मार्ग की ऐसी तकनीकी है कि निर्माण के दौरान जल निकासी का पूरा ध्यान रखा जाता है जिसके कारण वहां बरसात के समय सड़कें स्थिर रहती हैं, जबकि हिमालय क्षेत्र में निर्माण कार्यों के कारण ही जल निकासी अवरुद्ध हो रही है और जो मलबा निर्माण कार्यों से निकल रहा है वह सारा का सारा जल संरचनाओं के ऊपर उड़ेला जा रहा है। नदियों के अविरल बहाव को जगह-जगह रोकने के लिए जल विद्युत परियोजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं। उत्तर भारत की सभी नदियों के उद्गम भूकंप से प्रभावित हैं। इसके निकट जितनी भी सुरंग आधारित परियोजनाएं निर्मित एवं निर्माणाधीन हैं, वह सभी भविष्य में बड़ी आपदा को न्योता दे रहे हैं, जबकि छोटी-छोटी सिंचाई नहरों से लघु पनिबजली बनाई जा सकती हैं। इन महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान न देकर हिमालय सरंक्षण के लिए हर रोज प्रतिज्ञा करने वाले योजनाकारों ने ऐसे विकास कार्यों को तवज्जो दे दी है, जिसमें विनाश के रास्ते साफ तौर पर देखे जा रहे हैं। हिमालय के जलस्रोत न हों तो भारत की आधी आबादी के समक्ष पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। पर्वतराज कहे जाने वाले हिमालय को केवल शब्दों में महिमामंडित करने की इतनी जरूरत नहीं है, जितनी कि हिमालय में भूकंप के कारण जो स्थिति पैदा हो रही है। उसके अनुकूल विकास योजनाओं पर ध्यान देने की अधिक जरूरत है। समय रहते हिमालय की कांपती धरती के संदेश को लोग सुनें और लापरवाही नहीं बरतने का संकल्प लें।

-सुरेश भाई-

# संविधान:भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ






हेमेन्द्र
क्षीरसागर
बालाघाट
मध्यप्रदेश

भारत रत्न, डां भीम राव रामजी अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक और मुख्य वास्तुकार थे। उन्हें 1947 में संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भारतीय संविधान यानी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का धर्मग्रंथ। जिसे डां राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता वाली संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया। विश्व में भारत का संविधान सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान लागू होने के समय इसमें 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचियां और 22 भाग थे, जो वर्तमान में बढ़कर 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां और 25 भाग हो गए हैं। साथ ही इसमें पांच परिशिष्ठ भी जोड़ दिए गए हैं, जो कि प्रारंभ में नहीं थे। संविधान सभा के सभी 284 सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, जिनमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं। इसके पश्चात 26 जनवरी को भारत का संविधान अस्तित्व में आया। इसे पारित करने में अभूतपूर्व 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन का समय लगा।

अभिभूत, भारतीय संविधान की प्रस्तावना विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। उद्देशिका के माध्यम से भारतीय संविधान का सार, अपेक्षाएं, उद्देश्य उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है। इसी कारण यह हम भारत के लोग इस वाक्य से प्रारम्भ होती है। संविधान भाग 3 व 4 नीति निर्देशक तत्त्व मिलकर संविधान हृदय, चेतना और रीढ कहलाते है। क्योंकि किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र के लिए मौलिक अधिकार तथा नीति-निर्देश देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यथार्थ प्रदत्त अधिकार हमारे राष्ट्र के परम वैभव और जनकल्याण के लिए सारगर्भित हैं।

विशेष, संविधान विधान भर नहीं है। यह भारतीय संस्कृति है। संविधान की आत्मा भारतीय है। इसलिए कि भारतीय, सभ्यता, संस्कृति से जुड़ा जो दर्शन है, हमारी जो उदात्त जीवन परम्पराएं हैं। संविधान उसे एक तरह से व्याख्यायित करता है। संविधान की नियमावली पर गूढ़ नजर डालें तो पाएंगे कि हमारे संविधान का आधार भगवान श्रीराम के आदर्शों का भी पालन करता है। उनके आदर्श समाज के प्रारूप को ही नहीं अपितु देश के संविधान को तय करने और देश का बेहतर संचालन करने में भी प्रासंगिक हैं। ऐसा ही कुछ विचार आया होगा भारतीय संविधान की मूल हस्तलिखित पांडुलिपि पर चित्र बनाने वाले महान चित्रकार नंदलाल बोस के दिमाग में। 'सर्वधर्म समभाव' की विचारमाला को अपने मानकों में पिरोने वाले भारतीय संविधान की रिक्तता को पूर्ण करने के लिए उन्होंने ऐसे चित्र बनाए। जो भारत की गौरवगाथा के अहम अध्याय हैं।

स्तुत्य, भारतीय संविधान ÷हम भारत के लोगों÷ के लिए हमारी अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत जनित स्वतंत्रता एवं समानता के आदर्श मूल्यों के प्रति एक राष्ट्र के रूप में हमारी प्रतिबद्धता का परिचायक है। संविधान की मूल प्रति पर नटराज भी हैं और श्रीकृष्ण भी। वहां शांति का उपदेश देते भगवान बुद्ध, महावीरे , गुरु गोबिंद सिंह भी हैं। हिंदू धर्म के एक और अहम प्रतीक शतदल कमल भी संविधान की मूल प्रति पर मौजूद है। स्वतंत्रता वीर शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस का ओज है। महाराजा विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय की मुहर और पृथ्वी पर गंगावतरण आलोकित है। हालांकि ये तस्वीरें संविधान का हिस्सा नहीं हैं, फिर भी ये संविधान की मूल प्रति के अभिन्न अंग हैं। जो मूलतः भारतीय संविधान के भारतीय चैतन्य को ही परिभाषित करते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा के आलोक में निर्मित भारतीय संविधान भारत की ऋषि परम्परा का धर्मशास्त्र है। भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ है। वस्तुतः भारत का संविधान देश को संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणतंत्र घोषित करता है और अपने नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय की प्रत्याभूति देता है। जिस पर हमें असीम गर्व और गौरव है। सत्यमेव जयते!

# हमर भाखा:छत्तीसगढ़ी



भोलाराम
सिन्हा डाभा
मगरलोड
छत्तीसगढ़

साहित्य समाज के दर्पण आय, छत्तीसगढ़ी भाखा म साहित्य सृजन ह सैकड़ों बछर ले होवत हे,सन 2000 म छ0ग0 नवा राज बनिस ।छत्तीसगढ़ हमर बोलचाल के भाषा आय तेकर सेती हमन ल अड़बड़ विश्वास रिहिस कि जल्दी राजभाषा बनही अउ स्कूल मन म पढ़ाई-लिखाई होही।आफिस मन म कामकाज होही,फेर अइसन नई होइस ।28नवम्बर के छत्तीसगढ़ी ल राजभाषा के दर्जा मिलिस तब ले सरलग काम होवत हे।वर्तमान म वाटसएप आय ले छत्तीसगढ़ी मैसेज के चलन ह दिनों दिन बाढ़त जावत हे।अब लोगन मन माँगलिक कार्यक्रम मन के निमंत्रण ल छत्तीसगढ़ी म छपवाय के चालू करे हावय जइसे बिहाव ,छठ्ठी ,ये बने बात आय ।छत्तीसगढ़ी ल जन-जन के भाखा बनाना हे ,समृद्ध करना हे त सबले पहिली हम सब ल संस्कारवान बने ल पडही ,अपन संस्कृति ,परंपरा ल निभाय ल पड़ही ,गीतकार,कलाकार,साहित्यकार,मन ल आघु आय ल पड़ही।गीतकार मन ल फूहड़ गीत ले बाचे ल पड़ही।




राजभाषा आयोग के पहला अध्यक्ष श्यामलाल चतुर्वेदी जी रिहिस।दूसरा अध्यक्ष दानेश्वर शर्मा जी रिहिस,अउ तीसरा अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक रिहिस।

छत्तीसगढ़ी के प्रयोग आकाशवाणी अउ दूरदर्शन के करे ले छत्तीसगढ़ी भाखा समृद्ध होत जावत हे।आकाशवाणी में आज भी ,मोर भुंइया साहित्यिक कार्यक्रम चलत हे ,जेमे कविता ,कहानी पाठ होथे,युववाणी म तको कहानी,वार्ता,कविता के प्रसारण होवत हे,।बीच -बीच म नाटक ,रुपक छत्तीसगढ़ी गीत,फोन करव छत्तीसगढ़ी गीत सुनव प्रसारण तको होवत रथे।

घर-आँगन ,बाल-वाटिका,जइसे कतकोन कार्यक्रम चलत हे,तेकर बदौलत छत्तीसगढ़ी समृद्ध,उन्नति करत जावत हे,दूरदर्शन म तको छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम ले जन-जन तक छत्तीसगढ़ी भाखा ल पहुचावत हे।आजकल सामुदायिक रेडियों *अरपा तको छत्तीसगढ़ी भाखा ल जन-जन तक पहुचावत हे, हरिभूमि के *चौपाल*,लोकसदन के *झाँपी* दैनिक भास्कर के *संगवारी, देशबंधु के *मड़ई*,पत्रिका के,*पहट* प्रखर समाचार के *सप्तरंग*, अमृत संदेश के *अपन डेरा, छत्तीसगढ़ जनादेश, खबरगंगा, अउ छत्तीसगढ़ी पत्तिका अगुवा*, *चैनल इंड़िया*

, मे ह सुने हावव कि 28 नवम्बर के *अरई तुतारी*,के विमोचन हे,अउ *आमचो छत्तीसगढ़* के प्रकाशन होवइया हे ,अग्रिम शुभकामना हे , कतको ठन अउ पत्रिका हे जेन मन सरलग छत्तीसगढ़ी भाखा के मान बढ़ावत हे।अब तो हमर राज खातिर राजगीत के घोषणा होय ले माटी के महक जम्मों राज म बगरे के आधार मिल गे हे

डॉं नरेन्द्र देव वर्मा के लिखे येहा पहिली ले लोकप्रिय गीत हावय
अरपा पइरी के धार महानदी हे अपार,
इंदिरावती ह पखारय तो पइंया।
महूँ पाँव परँव तोर भुइँया,
जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मइया।

अब जेन से जतका हो सके वोतका अपन महतारी भाखा ल स्कूल म लागू कराय अउ आठवीं अनुसूची म शामिल होवय येकर खातिर योगदान देवन।

## हरा मटर



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

हरे मटर देखो इठलाते।
हाथ किसी के अभी न आते।।
सर्दी में ये रौब दिखाते।
गर्मी में फिर से मुरझाते।।
खेतों में सब इसे लगाते।
बच्चे बूढ़े मिलकर खाते।।
भरा विटामिन इसके अंदर।
नहीं बचाते इसको बंदर।।
सब्जी का भी स्वाद बढ़ाते।
चटनी के सँग घुल मिल जाते।।
मंडी से इसको जब लाते
पकड़ पकड़ कर बच्चे खाते।।
हरे मटर होते गुणकारी।
ताकत मिलता हमको भारी।।
हमें एकता पाठ पढ़ाते।
रहना सब को साथ सिखाते।।

## ये कैसी रात हैं जो हमारे नसीब लगी



निक
राजपूत
नई
दिल्ली

हमारी मोहब्बत
हमें ही मोहब्बत लगी।
और उन्हें हमारी मोहब्बत
मज़ाक लगी।
न हाँथो से लिख सके
न होठों से शब्दों
में बया कर सके
एक ऐसी बीमारी लगी।
शराब सिगरेट
अकेलापन तन्हाई बेरुखी
खामोशियाँ भरी रात
हमारे नशीब लगी।
चैन गया मैं ख़ुद भी
लूट गया हमारे हाथ
सिर्फ जगाती हुई नींद
आँखों में लगी।
मन परेशान दिल
बेजान न जाने कौनसी
बला थी जो हमारे ही
गले आकर लगी।


## शजर भी वही है, घर भी वही



प्रभात गौर
प्रयागराज
उत्तर प्रदेश

शजर भी वही है,घर भी वही हैं।
मगर बदला बदला,मुझे लग रहा हैं।
जमीं भी वही है,आसमां भी वही हैं।
मगर कुछ कमी सा,मुझे लग रहा हैं।
ये रिश्ते ये नाते महज नाम के हैं।
पतझड़ में शजर संग कहाँ पात हैं।
संवेदनायें हृदय से अब मर चुकी हैं
प्रेम उर में अब पनपता कहाँ हैं।
ना जाने कहाँ खो गया अपनापन हैं।
ना जाने कहाँ वो खूशी लग रहा हैं।
ना जाने चेहरों की वो रंगत कहाँ हैं।
जले दीप पर वो अब उजाला कहाँ हैं।
सुबह की सुहानी अब भी धूप वही हैं।
सूरज की किरणों की लाली वहीं हैं।
वही चाँद तारें गगन भी वही हैं।
वही दूर चंचल नदी बह रही हैं।

## मुस्कुराकर वह चले



कार्तिकेय
कुमार त्रिपाठी
राम
,इन्दौर मध्यप्रदेश

यूं समय-सी जा रही है,
बिटिया मेरे द्वार से,
जिंदगी की राह चलकर,
मुस्कुराती प्यार से ।
कौन कहता वह पराई,
जब से मेरे घर पर आई,
रोशनी थी रोशनी से,
घर को जगमगाने आई।
दिल से दिल की धड़कनों को,
प्यार से वह जोड़ती,
यह भी घर है वह भी घर है,
बस शहद ही वह घोलती।
आज देहरी पार कर वह,
रस्मों में बंधने चली,
आंखों में सपने भरे थे,
मुस्कुराकर वह चली ।
गठबंधनों से दूरियां भी,
पास हो जाती जहां,
बेटियां घर की हैं आभा,
जगमगाती हैं वहां ।
पलकों को गीला न करना,
जब पीठ दिखलाकर चले,
कामना भोले से करना,
बस, मुस्कुराकर वह चले।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।



# धान खरीदी केन्द्र पर किसानों से अवैध वसूली

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रदेश के साथ ही जिले में भी धान खरीदी का काम 1 नवंबर से शुरू है। धीरे-धीरे किसानों द्वारा समितियों में आकर धान बेचने की रफ्तार पकडऩी शुरू हो गई है। इधर समिति द्वारा किसानों से अवैध वसूली की भी शिकायत आनी शुरू हो गई है। शहर के नमनाकला स्थित धान खरीदी केन्द्र पर सिकानों से हमाली दर अधिक लिया जा रहा है। इस अवैध वसूली की जानकारी तब हुई जब क्षेत्र के एक बड़े किसान विन्देश्वर शरण सिंहदेव गुरुवार को



धान बेचने नमनाकला स्थित खरीदी केन्द्र पर पहुंचे। यह ट्रैक्टर पर लाड कर करीब 100 क्विंटल धान बेचने पहुंचे थे। धान अनलोडिंग, बोरी पलटने व छल्ली लगाने के नाम पर हमाली दर 24 रुपए प्रति क्विंटल की मांग की गई। जबकि शासन द्वारा हमाली दर 6 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। किसानों द्वारा इसका बिल मांगे जाने पर सोसायटी प्रबंधन द्वारा नहीं दिया जा रहा है। अधिक वसूली के संबंध में पूछे जाने पर सोसायटी समिति प्रबंधन का कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित राशि पर हमाल काम नहीं करना चाहते हैं।

# 24.84 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आबाकरी विभाग के उडऩदस्ता अमला ने दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अंतर राज्य के 24.84 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उडऩदस्ताा अमला ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

प्रभारी अधिकारी संभागीय उडऩदस्ता जिला सरगुजा राजेश तिवारी ने बताया कि टीम को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि दूसरे राज्यों से अवैध अंग्रेजी शराब लाकर दरिमा थाना क्षेत्र में खपाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता व टीम के साथ दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम नवानगर निवासी पूनम गुप्ता के घर में




दबिश दी गई। इसके कब्जे से मध्यप्रदेश लेबल लगी गोवा ब्रांड की 8.10 लीटर तथा झारखड राज्य की लेवल लगी रॉयल स्टैग 8.64 लीटर शराब जब्त किया गया। उडऩदस्ता टीम ने कुल 16.74 लीटर विदेशी मदिरा जब्त कर आरोपी पूनम गुप्ता को गिरफ्तार किया। इसी अभियान के तहत दरिमा थाना क्षेत्र के ही ग्राम बरगई निवासी सोनपति के कब्जे से 48 8.64 लीटर मध्य प्रदेश की लेबल लगी गोवा शराब जब्त किया गया है। आबाकरी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता दल ने आरोपी पूनम पांडेय व सोनपति को गिरफ्तार कर दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में आरक्षक रमेश दुबे, कुमारू राम एवं आरक्षक रामाधार, अशोक सोनी एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह शामिल रहे।

## शराब के नशे में युवक ने कीटनाशक सेवन कर दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में एक युवक ने कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरङ्क्षसह पिता बनू राम उम्र 25 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करगीडीह का रहने वाला था। वह 22 नवंबर की रात को शराब सेवन कर घर आया और हाथ में रखे कीटनाशक सेवन कर ली। परिजन ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मंगल पाठ के साथ दादी रानी सती के वार्षिक उत्सव का समापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राणी सती मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन मंगल पाठ एवं चूडिय़ों का अभिषेक के साथ संपन्न हो गया। वार्षिक उत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान जिसमें नगर शांति विश्वकल्याण एवं भक्तों के सुख समृद्धि की भावना से किया गया। गुरुवार की दोपहर 1 बजे से दादी की संगोष्ठी चरित्र वर्णन की कथा अजमेर के व्यास कुंवर तेजस राणा जो की दादी राणी सती के प्रधान सेवक थे के कुल से आते हैं। इनके द्वारा आत्मीय भाव से कथा सुनाई गई, जिनका साथ दे रहे थे कोलकत्ता के कुंवर कृष्ण यदुवंशी। दादी के चरित्र की कथा श्रवण कर भक्त मन मुग्ध



हो गए। इस दौरान माता राणी को 51 फीट की चुनरी महिला मंडली द्वारा भजनों के माध्यम से नृत्य करते हुए चढ़ाए गए। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडली द्वारा दादी रानी सती का सवा मन यानी 50 किलो की कांच की चुडिय़ों से अभिषेक किया गया। यह आयोजन भाव्य रूप था। कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष कार्यक्रम महिला मंडिली द्वारा आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष सिन्दूर का अभिषे किया था। इस वर्ष सवा मन की चुडिय़ों का अभिषक महिला मंडली द्वारा किया गया और अमर सुहाग की कामना की। वार्षिक उत्सव में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। भोजन प्रभारियों द्वारा विशेष रुप से पहल की गई की उतना ही लो थाली में व्यर्थ ना जाए नाली में को चरितार्थ किया। किसी ने एक भी दाना जूठन नहीं छोड़ा। थाली रखने के उपरांत श्याम मित्र मंडली ने प्रोत्साहन के लिए झूठा नहीं छोडऩे वालों को ट्राफी दी गई। महिला मंडली की अध्यक्ष राज रानी अग्रवाल ने समापन के दौरान दिन रात मेहनत करने वाली महिला मंडली व सहयोगियों का अभार व्यक्त किया।

# रॉकबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का समापन,पुरूष व महिला वर्ग में पंजाब की टीम ने मारी बाजी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में छठवीं सीनियर रॉकबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हो गया। गांधी स्टेडियम में तीन दिन तक चली नेशनल गेम में 10 राज्यों की टीम ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, नगर निगम के एमआईसी सदस्य द्वितेन्द्र मिश्रा, कांग्रेस जिला महामंत्री अरविंद सिंह गप्पू, मिथिलेश सिंह, सरगुजा हॉकी संघ से आशीष वर्मा, रॉकबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. प्रवीण परिया, शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर हेमंत उपाध्याय उपस्थित थे। 22 से 24 नवंबर तक शहर के गांधी स्टेडियम में आयोजित छठवीं रॉकबॉल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में मेजबान छत्तीसगढ़ के अलावा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना




समेत 10 राज्य की टीम ने हिस्सा लिया। पुरूष वर्ग में पहले स्थान पर पंजाब दूसरे स्थान पर हिमाचल और तीसरे स्थान पर तेलंगाना की टीम रही। वहीं महिला वर्ग में रॉकबॉल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का खिताब पंजाब की लड़कियों ने जीता। दूसरे स्थान पर मेजबान टीम छत्तीसगढ़ रही, जबकि तीसरे स्थान पर हरियाणा की टीम रही। छत्तीसगढ़ रॉकबॉल एसोसिएशन और सरगुजा बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मुख्य रूप से ख्वाजा अहमद, राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह, रजत सिंह, राजेश सिंह काकु, एडी दिवान, ज्ञानेश्वर, कमल किशोर निकुंज, रविन्द्र सिंह, सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों का योगदान सराहनीय रहा।

# सत्य साईं बाबा के 97 जन्म दिवस पर किए गए कई सेवा कार्य

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सत्य साईं बाबा के 97 जन्म दिवस के अवसर पर साईं समिति अंबिकापुर द्वारा साईं सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों में कई सेवा कार्य किए गए और जन्मदिवस मनाया गया। साईं सप्ताह के अंतर्गत प्रति दिवस सेवा कार्य के लिए एक स्थान चुना जाता था इसके अंतर्गत जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। देव स्थल के पास बैठे व्यक्तियों के बीच भोजन वितरित किया गया। सफाई कर्मियों की सेवा की गई एवं विवेकानन्द वनवासी आश्रम अंबिकापुर के बच्चों के साथ भजन किया गया एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन बुधवार को साईं दरबार दर्रीपारा में दो घंटे का भजन किया गया। बाल विकास के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की



प्रस्तुतियां दी गई और वेदपाठ किया गया। इसके बाद पुरस्कार वितरण के पश्चात केक काटकर सभी को शुभकामनाएं दी गई। भोजन प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सरगुजा की उभरती नन्ही कलाकार शताक्षी वर्मा ने अपने गायन और नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी एवं साथ ही शशांक शर्मा, नीति और सान्वी वर्मा का नृत्य और मंत्रोच्चार नें सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन मीना वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. व्हीके वर्मा, शान्ति वर्मा, अंजनी सिन्हा, मृगेंद्र सिंहदेव, रेणुका सैनी, जगदीश गुप्ता, शशिशेखर शर्मा, शिप्रा शर्मा, मीना वर्मा, केडी दुबे, संजीव गणेशपुरकर, रेखा गणेशपुरकर, मोनिका शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक गोस्वामी, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय सालूंके, प्रीति सालूंके, रिंकी सैनी, जयेश वर्मा, रामवदन राम, रिंकु व श्रेया शर्मा सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

## नाली में गिरने व ठंड में पूरी रात पड़े रहने से वृद्ध की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नाली में गिरने व ठंड में पूरी रात पड़े रहने से वृद्ध की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह उसकी लाश देखी गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पारस उपाध्यय उम्र 70 वर्ष शहर के कंपनी बाजार का रहने वाला था। वह बुधवार की रात को अपने पुराने घर बौरीपारा से वापस कंपनी बाजार नए घर पर आ रहा था। तभी रात में बौरीबांध के पास खुले नाली में गिर गया और बेहोश हो गया। ठंड में पूरी रात बेहोशी की हालत में पड़े रहने से उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो परिजन को इसकी जानकारी दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों की बिजली ट्रांसफार्मर की मांग पूरी हुई

- संवाददाता -
कुसमी, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत जवाहरनगर के ऊपर पारा में लगभग एक माह से ट्रांसफार्मा जल जाने के कारण करेंट सप्लाई बंद थी जिसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा दी गई साथ ही समाज सेवी एम डी शमीम को भी जानकारी देया गया ,एमडी शमीम ने ग्रामीणों की समस्या से विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्द नया ट्रांसफार्मा लगाने का आग्रह किया था जिसपर विद्युत विभाग द्वारा तीन दिन में ही उक्त खराब ट्रांसफार्मा को बदल कर नया ट्रांसफार्मा लगा दी और बिजली सेवा शुरू कर दिया , विद्युत की



समस्या से निजात मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है, ग्रामीणों द्वारा समाज सेवी एम डी शमीम सहित विद्युत विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया।

## इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड से डीके सोनी हुए सम्मानित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी को नेशनल ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन भारत सरकार द्वारा इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 21 नवंबर को अमृतसर में पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री ओपी सोनी तथा केनिया देश के अंबेसटर पेट्रिक के हाथों बेस्ट सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता का इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड डीके सोनी को दिया गया। उक्त कार्यक्रम में मणिपुर की महिला आयोग की अध्यक्ष के अलावा कई राज्यों के प्रतिनिधि व विभिन्न देश के सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

उक्त अवार्ड डीके सोनी को सरगुजा जिले में आदिवासियों के हित में कार्य करने और ग्राम न्यायालय की स्थापना कराने की पहल को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाने, और अदानी कंपनी के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका पेश करने तथा जंगल को बचाने की मुहिम में कार्य करने के कारण तथा आरटीआई के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध अच्छा कार्य कर लोगो की मदद करने के अलावा समय समय पर जनहित के मुद्दो को उठाने, तथा आदिवासी अंचल में अच्छा कार्य करने के कारण उक्त अवार्ड प्रदान किया गया।

उक्त अवार्ड हेतु प्राप्त होने से डीके सोनी के परिवार तथा मित्रो में खुशी का माहौल है , डीके सोनी का कहना हैं कि यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यो को करने की प्रेरणा देता है तथा हिम्मत बढाता है, और भविष्य में आगे और तेज गति से सामाजिक और जनहित के कार्यो को किया जाएगा।

# बेरोजगारी दर पर कांग्रेस छलावा ना करे : अभिषेक शर्मा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अभी कुछ समय पहले छग के मुख्यमंत्री जी ने सी एम आई ई की रिपोर्ट के आधार पर शिक्षित बेरोजगारी दर 0.4 प्रतिशत बताकर अपनी पीठ इतनी जोर से थपथपाई कि कर्कश थपथपाहट की आवाज मधुर संगीत होने का भ्रम बन कर बेरोजगारों के दिल में उतर गई और ऐसा लगा जैसे जादूगर ने जादू की छडी घुमाई और सभी बेरोजगार काम पर आ गए परंतु प्राप्त प्रामाणिक रिपोर्ट का आंकड़ा यह चीख चीख कर पुकार कर रहा है कि मेरे साथ शिक्षित बेरोजगारी दर 0.4 प्रतिशत वाली अंक गणितीय खेल कर मुख्यमंत्री जी बेरोजगारों के भावनाओं से खेल रहे हैं। उपरोक्त व्यंगात्मक कथन के साथ अभिषेक शर्मा अधिवक्ता टैक्स, जिला सह कोषाध्यक्ष भाजपा सरगुजा एवं प्रदेश सह संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एक सरकारी दस्तावेज के आधार पर जनवरी 2019 से सितंबर 2022 तक छग में कुल 1067250 शिक्षित बेरोजगारों ने पंजीयन करवाया था परंतु सितंबर 2022 तक महज 13484 लोगों को ही ज्वाईनिंग का आफर लेटर प्राप्त हुआ। यदि केवल



इसी आंकड़े पर पंजीयन प्राप्त लोगों का रोजगार प्रतिशत देखा जाऐ तो सिर्फ 1.2 प्रतिशत ही है, जो बेरोजगारों का नहीं। आश्चर्यजनक तो यह है कि सरकारी आंकड़ों में भी बड़ी भिन्नता है, आर टी आई से प्राप्त दस्तावेज और छग शासन की शासकीय वेबसाइट में दर्शित संख्या में 758067 पंजीयन बेरोजगारों की संख्या का भी अंतर है, शासकीय वेबसाइट पर सितंबर 2022 तक 554592 अनसूचित जनजाति, 457047 अनुसूचित जाति, 218335 अ. पि. वर्ग एवं 5 9 5 3 4 3 सामान्य वर्ग के आवेदक पंजीकृत हैं जिनका योग 1825317 होता है जो आर टी आई के दस्तावेजों से 758067 ज्यादा संख्या बताता है। यदि शासकीय संख्या पर रोजगार का प्रतिशत देखा जाए तो यह महज 0.07 प्रतिशत ही होता है। आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए अभिषेक शर्मा ने कहा कि इसके विपरीत केंद्र सरकार की क्क्रस्न (श्चद्गह्लश्चस्रद्ब द्यड्डड्डश्वह्वह्ल द्धश्वह्म्द्ग ह्यह्वह्ल1द्ग4) की जून 2022 की राज्यवार रिपोर्ट के अनुसार सभी आयु वर्ग के बेरोजगारी के आंकड़ों में बेरोजगारी दर शहरी क्षेत्रों में पुरूषों का 11.3 प्रतिशत और महिलाओं का 11.4 प्रतिशत लगभग है जो समयानुसार परिवर्तनशील होता है। इसके साथ ही प्रत्येक 100 व्यक्तियों में काम करने वाले लोगों का लेबर फोर्स पारटिसिपेशन रेट जून 2022 में केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही है।

आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए अभिषेक शर्मा ने कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य की कांग्रेस सरकार शिक्षित बेरोजगारी को बेरोजगारी नहीं मानती तथा बेरोजगारी दर को 0.4 प्रतिशत बताकर सरकार की विफलता और विवशता पर पर्दा डालना चाहती है, बेरोजगारी का यह आंकड़ा सरकार पर प्रश्न चिह्न है , भ्रामक जानकारी देते हुए वाहवाही लूटने से अच्छा कांग्रेस को रोजगार देने पर पहल करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि आज राज्य का शिक्षित बेरोजगार कांग्रेस से पूछ रहा है कि आपकी सरकार रोजगार तो दे नहीं सकी बताईये सरकार बनने की तारीख से आज तक 18 लाख लोगों को बेरोजगारी भत्ता कब मिलेगा।

# ग्रामीणों की जमीन पर पांव पसारे अडानी के हेडक्वार्टर का प्रवेश द्वार 12 साल के आंदोलन के बाद भी बंद

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नंगे पांव सत्याग्रह के संयोजक राजेश सिंह सिसोदिया व सोनाली दुबे ने सरगुजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरगुजा जिले में ग्रामीणों की जमीन पर पांव पसारे अडानी के हेडक्वार्टर का प्रवेश द्वार 12 साल के आंदोलन के बाद भी बंद है। कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। गुमगा ग्राम में पूरा एक नया गांव बस गया है। जमीन दलालों की वजह से लोग आत्महत्या की ओर अग्रसर हो रहे हैं। हसदेव क्षेत्र में पढ़ाई, कमाई व दवाई मुहैया कराने की मांग को लेकर हस्तक्षेपरत नंगे पांव सत्याग्रह ने राज्य सरकार से क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने व ग्राम घाटबर्रा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन की मांग की है। सिसोदिया ने आगे कहा अडानी विद्या मंदिर में बाल दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों की उपस्थिति हैरतअंगेज रही। दोनों मुख्य राजनीतिक पार्टियों के लोग यहां अतिथि थे। दो अतिथि हसदेव बचाओ आंदोलन के हरिहरपुर पंडाल में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के साथ आंदोलन का समर्थन करने व अडानी का विरोध करने आए थे। इनमें से एक अतिथि अपने दल की जिला इकाई के साथ अडानी कंपनी का विरोध व आंदोलन कारियों के समर्थन में आए थे। इससे स्पष्ट है कि अडानी और आंदोलन कारी आपस में मिले हुए हैं। आपस में मिलकर ये दोनों यहां के लोगों की स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका को बाधित



करना चाहते हैं। पेड़ कटाई और पेड़ लगाई के झगड़े में लोगों को फंसा दिया गया है, ताकि कोई विकास पर सवाल ना उठा सके। उन्होंने कहा अदानी कंपनी के कर्मचारियों की उपस्थिति भारी सं या में है, जिसके कारण छोटे से क्षेत्र में जनसांियकीय स्थिति में बड़ा परिवर्तन हुआ है। इसके कारण कानून व्यवस्था की स्थिति में भी व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में जनसं या के अनुपात में पुलिस की उपस्थिति निराशाजनक है।

पूर्व के गुमगा और आज के गुमगा की तुलना की जाए तो एक नए गांव की जनसं या उस गांव में पाई जाएगी। केते परसा, साल्ही, हरिहरपुर, फतेहपुर, घाटबर्रा, जनार्दनपुर गांव में भी बाहरी जनसं या का दबाव बढ़ा है। हसदेव क्षेत्र के समीपस्थ चौकी तारा सुरजपुर जिले के अधीन है, जो इस क्षेत्र में निष्प्रभावी है। पुलिस की अपस्थिति के कारण मुआवजा प्राप्त केते परसा के स्व.कल्याण मझुवार, स्व.घुटरा मझुवार एवं भ'जुराम गोड़ करोड़ों की ठगी के शिकार हुए, इनके जैसे कई लोगों को दलालों ने ठगा, ना तो आज तक इनको पैसा मिला ना ही दलालों पर कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने जमीन घोटालों व भू-माफिया पर प्रभावी रोक हेतु हसदेव क्षेत्र को राजस्व निरीक्षक मंडल में प्रवर्तित कर यहां राजस्व निरीक्षक की पदस्थापना करने की मांग की है। पत्रकारों से चर्चा दौरान संजय चौरसिया, अहिल्या रजक, अश्मिता तिर्की, भगवती यादव उपस्थित थे।

# पुलिस हिरासत से कबाड़ चोर सरगना राजा खान फरार,सीएसईबी बंद पावर प्लांट से चोरी किये जाने पर हुई थी गिरफ्तारी

– राजा मुखर्जी –
कोरबा, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कुसमुंडा क्षेत्र का कुख्यात डीजल चोर शातिर बदमाश राजा खान अपना एक नया गिरोह बनाकर इन दिनों योजनाबद्ध ढंग से कबाड़ की चोरी करा रहा है। 03 दिन पूर्व इस गिरोह के सदस्यों ने सीएसईबी केटीपीएस बंद हुए संयंत्र में घुसकर कुछ सुरक्षा कर्मियों को बंधक बना लिया था और वहां रखे लाखों रुपए कीमती तांबा सहित अन्य सामानों की चोरी कर फरार हो गया था । इस मामले में 03 चोरों को पकड़कर सीएसईबी चौकी पुलिस के सुपुर्द किया गया था। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कबाड़ व डीजल चोर राजा खान सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम को निर्देशित किया । बुधवार की देर रात साइबर सेल की विशेष टीम ने दिन-रात मेहनत कर डीजल चोर सरगना राजा खान को गिरफ्तार कर सीएसईबी पुलिस के हवाले किया , लेकिन कबाड़ चोर गिरोह का सरगना राजा खान पुलिस की कस्टडी से हथकड़ी निकाल भाग निकला ष्ठ सूत्रों से पता चला है कि राजा खान देर रात तड़के पुलिस सुरक्षा में ढील का फायदा उठाकर मौका पाते ही सीएसईबी चौकी से फरार हो गया है। सुबह जब पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को इसकी जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। घटना के बाद पुलिस की टीम फरार आरोपी की खोजबीन में जुटी हुई है, लेकिन जिस तरह से सीएसईबी चौकी प्रभारी शिवकुमार धारी के नेतृत्व की लापरवाही सामने आई है, इससे साफ है कि सुरक्षा में घोर लापरवाही बरती गई है, जिसके चलते कबाड़ चोर का मास्टर माइंड राजा खान फरार हो गया और पुलिस विशेष टीम के मेहनत पर पानी फेर दिया गया । बता दे के दि.18-19 नवंबर की मध्य रात्रि कोरबा पूर्व के बंद पड़े पावर प्लांट से हुई चोरी का यह मामला कई मामलों में संदेहास्पद बना हुआ है। यहां चोरी से संबंधित एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें चोरों की संख्या बहुत ज्यादा है। इस वायरल वीडियो की माने तो यह चोरी नहीं डकैती का मामला है। सीएसईबी चौकी प्रभारी एसआई शिवकुमार धारी ने पुलिस के पास ऐसा कोई वीडियो होने से इनकार किया है, जिसमें चोरों की संख्या बहुत ज्यादा दिख रही है । पुलिस को कोई वीडियो उपलब्ध नहीं कराया गया है और इसे बाहर ही बाहर वायरल किया व कराया जा रहा है जो इस पूरे मामले को सवालों में लाता है। चोरी के बाद बड़ी संख्या में चोर यहां से वाहन में कबाड़ लाद कर भाग निकलते हैं और पुलिस के मुताबिक वह मौके पर पहुंचती है व झाड़ियों के पीछे से होकर कुछ सामान ले जा रहे 03 लोगों को पकड़ लेती है। जब रात में ही पुलिस को पता चल गया कि इतनी बड़ी चोरी हुई है तो फरार हुए लोगों की धरपकड़ के लिए रात में ही नाकाबंदी क्यों नहीं कराई गई ? बंधक बनाए गए सुरक्षाकर्मियों ने चोरी करने घुसे लोगों की संख्या सही-सही अथवा अंदाजा भी दर्जनों में क्यों नहीं बताया बल्कि उसे कुछ संख्या में ही समेट कर रख दिया गया ! चोरी किए गए कबाड़ की कीमत लिखाये गए 300000 लाख से कहीं ज्यादा बताई जा रही है। इस पूरे मामले को कहीं ना कहीं घटना दिनांक की रात में ही हल्के ढंग से लिया गया जिसकी वजह से जो आरोपी उसी रात नाकाबंदी कर पकड़ लिया जाते, वे फरार होने में सफल रहे। अब जब इसका मास्टरमाइंड राजा खान पकड़ा गया तो उसकी अभिरक्षा में शिथिलता बरती गई। पुलिस कर्मियों की लापरवाही का फायदा उठाया और भाग निकला। अब यह सवालों में है कि दोबारा राजा खान कब पकड़ में आ पाएगा और चोरी किया गया कबाड़ एवं लाखों का तांबा कहां किसके पास खपाया गया इसकी तस्दीक क्या हो पाएगी ? बता दें कि कुछ इसी तरह का कोयला चोरी से संबंधित वीडियो कुछ पहले जारी हुआ था जिसकी आईजी स्तर पर जांच आज तक लटकी हुई है। वीडियो की सत्यता, हजारों की संख्या में कोयला चोरी करने घुसे खदान की तस्दीक आज तक नहीं हो पाई है। युकां नेता की रिपोर्ट पर पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी पर बांकीमोगरा थाना में झूठा फर्जी वीडियो वायरल करने का अपराध भी दर्ज कर लिया गया , लेकिन इसके बाद सारा मामला और हर तरह की जांच ठंडी पड़ गई है। क्या कुछ ऐसा ही हश्र पावर प्लांट से हुई लाखों नहीं बल्कि एक करोड़ से अधिक की मशीनरी और तांबा की चोरी के मामले का भी होगा ? पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत विद्युत पावर प्लांट में चोरी की घटना सामने आई थी, जिसमें कुछ आरोपियों को पकड़ा गया था । एक आरोपी राजा खान को पकड़ कर चौकी लाया गया , जो चौकी से फरार हो गया है ढ्ढ मामले की जांच के सद्ब्थ आसपास और रिस्तेदारो के घर खोजबीन की जा रही है ।




# पैसे के लेनदेन मामले को लेकर दिनदहाड़े चली गोली,बंदूक का लाइसेंस आत्मरक्षा के लिए है या आपसी विवाद निपटाने के लिए?

- पैसे लेनदेन मामले को लेकर दिनदहाड़े चली गोली,बंदूक का लाइसेंस आत्मरक्षा के लिए है या आपसी विवाद निपटाने के लिए?
- बंदूक का लाइसेंस आत्मरक्षा के लिए दिया जाता है ना कि किसी को डराने धमकाने के लिए।
- गारंटर पड़े व्यक्ति को पैसे दिलाने के दबाव पर वाद विवाद तो चला दी गोली पर गोली उस व्यक्ति पर नहीं लोहे के दरवाजे पर लगी।






जितेंद अग्रवाल


रोहित कुमार झा एडिशनल एसपी

– रवि सिंह –
बैकुण्ठपुर 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

बंदूक रखने का लाइसेंस या बंदूक रखने की अनुमति आत्मरक्षा के नियम के तहत दी जाती है इसका उपयोग सिर्फ आत्मरक्षा के लिए किया जा सकता है ना कि किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए लेकिन जिस प्रकार बैकुंठपुर में गोली चलाने का मामला सामने आया है वह अत्यंत गंभीर है वहीं कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर मे दिनदहाड़े गोली चलने की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचीं और आसपास से उन्होंने जानकारी जुटाई,शहर में गोली कांड के बाद दिनभर चर्चा चलती रही वहीं जब लोगों को पता चला कि गोली क्यों चली सभी ने जिले में हुए इस गोलीकांड को लेकर चिंता जाहिर की और इसे गलत ठहराया।

मिल रही जानकारी अनुसार बैकुंठपुर शहर के संजय नगर में जितेंद्र अग्रवाल के घर के दुकान में गोली चलने की जानकारी मिलते ही आसपास की भीड़ इकट्ठा हो गयी मौके पर एडीशनल एसपी सहित पुलिस दल भी पहुंचा। जितेंद अग्रवाल के अनुसार बैकुंठपुर के रहने वाले धीरेंद्र प्रताप सिंह व शनि गुप्ता उनके अनुपस्थिति में घर मे आये बीबी बच्चों को गाली गलौज दिये धमकी देते हुये घर में तोड़फोड़ करने के बाद घर मे बने दुकान में फायरिंग कर दिये जिससे बुलेट दुकान की शटर को पार करते हुये दुकान के अंदर जा गिरा जितेंद के अनुसार पैसे लेनदेन में गारेन्टर बनने की बात सामने आ रही उनसे धीरेंद्र प्रताप सिंह से सीधा कोई लेनदेन नही है। वहीँ पुलिस का कहना है घटना की जानकारी जुटाई जा रही हैं जाच के बाद कुछ कह पाएंगे।

### दर्ज हुआ अपराध

मामले में आर्म एक्ट सहित कई धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है और कार्यवाही की गई है। मामले में गोली चलने की असल वजह का खुलासा अभी नहीं हो सका है और जिसका खुलासा होना बाकी है।

### जितेंद अग्रवाल

मेरे संजय नगर स्थित निवास पर मेरी अनुपस्थिति में धीरेंद्र प्रताप सिंह व शनि गुप्ता आये और उन्होंने मेरे पत्नी व बच्चों को धमकाया वहीं उन्होंने गोली चलाई जिससे मेरे परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए और गोली दुकान की शटर पर जाकर लगी। मामले में जितेंद्र अग्रवाल का यह भी कहना है कि मामला लेनदेन का है और इस मामले में धीरेंद्र प्रताप सिंह का कोई लेनादेना भी नहीं है फिर भी उसके द्वारा उसके घर आकर गोली चलाया गया।

### रोहित कुमार झा एडिशनल एसपी

शहर के संजय नगर में गोली चलने की बात पर जांच हेतु पहुंचकर मौका मुआयना किया,गोली चली है कि नहीं इसकी पुष्टि फोरेंसिक के आने के बाद ही हो सकेगी प्रथम दृष्ट्या मामले में जांच जारी की जा रही है और जांच उपरांत कुछ भी कहा जा सकता है।

# पटना परसापारा के लोगो को जल्द से जल्द निर्मित सड़क की समस्या से मिलेगी निजात



– संवाददाता –
बैकुण्ठपुर 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

कोरिया जिले के ग्राम पंचायत पटना परसापारा सड़क की समस्या को लेकर विगत कुछ दिनों पूर्व मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई थी। शिकायत पत्र का अवलोकन कर कलेक्टर विनय कुमार लहंगे ने तहसीलदार पटना समीर शर्मा को तत्काल जांच के निर्देश दिये थे। जिस पर बुधवार को तहसीलदार ने स्थल पर पहुँच कर जायजा लिया और पीड़ित मोहल्लेवासियों से बातचीत कर समस्या को जाना तथा मोहल्लेवासियों को यकीन दिलाया कि आप सभी को जल्द से जल्द निर्मित सड़क की समस्या से निजात मिलेगी, इस बात को सुनकर मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली है।

पीड़ित परसापारा मोहल्लेवासियों द्वारा रास्ता बंद करने की शिकायत कलेक्टर से की है ज्ञापन में बताया गया है कि यह मार्ग पीढ़ियों से है, लेकिन हिमायतुल्ला नामक एक व्यक्ति द्वारा संचालित मार्ग पर लोहे की पोल गाड़ कर वर्षों से रास्ता को बाधित कर दिया गया है। जिससे लगभग बीस परिवार के लोगों को प्रतिदिन आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर इस जटिल समस्या को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने जांच कर परसापारा मोहल्लेवासियों को जल्द सड़क बनाने की बात कही है, जिससे मोहल्लेवासियों मे खुशी की लहर है। इस दौरान मौके पर आरआई, पटवारी, पटना सरपंच श्रीमती गायत्री सिंह, उप सरपंच परेश सिंह, युकां जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी, पंच सुनील सिंह, पूर्व पंच एजाज खान पप्पू, एनएसयूआई के रोहित कोरी, किशन तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जनपद उपाध्यक्ष ने मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिन बहनों का किया सम्मान

– संवाददाता –
बैकुण्ठपुर 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



मितानिन दिवस के अवसर पर बैकुंठपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आशा महेश साहू ने 50 मितानिनो को पुष्पगुच्छ व साल श्रीफल देकर सम्मानित किया इस अवसर पर आशा साहू ने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य मितानिनो का योगदान सराहनीय है मितानिन दीदी पारा मोहल्ला में सराहनीय कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ सुविधा को अंतिम छोर तक बसे लोगों तक बेहतर ढंग से पहुंचा रहे हैं और इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने भी मितानिनो के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की जिस तरह से मितानिन अपने कार्य के प्रति जागरूक हैं जिसका परिणाम ग्रामीण अंचलों में देखा जा रहा है मितानिन अपने कार्यों में दिन हो या रात यह नहीं देखती हैं और निष्ठा व लगन से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं कोरोना महामारी की भयावह स्थिति और उस दौर में भी मितानीनो के योगदान को भी नही भुलाया जा सकता कार्यक्रम में उपस्थित चाँदनी सोनी,जगदीश साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष, राय सिंह, तुलेस्वर सिंह व ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मनराखन शर्मा व आभार सरपंच पीताम्बर सिंह के द्वारा किया गया।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जामपारा के सहायक समिति प्रबंधक को धान खरीदी कार्य से किया गया पृथक

- तहसीलदार के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र में अनियमितता एवम लापरवाही पकड़े जाने पर हुई कार्यवाही
- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सरभोका के सहायक समिति प्रबंधक को दी गई जामपारा धान खरीदी केंद्र की जिम्मेदारी



– संवाददाता –
बैकुण्ठपुर 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड अंतर्गत संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जामपारा के सहायक समिति प्रबंधक को धान खरीदी की जिम्मेदारी से पृथक कर दिया गया है वहीं समिति प्रबंधक प्रभाकर सिंह को धान खरीदी कार्य से पृथक करते हुए उनकी जगह पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सरभोका के समिति प्रबंधक को धान खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं बैकुंठपुर जिला कोरिया के उप पंजीयक ने जामपारा धान खरीदी केंद्र से प्रभाकर सिंह समिति प्रबंधक को धान खरीदी कार्य से पृथक करने के लिए जो पत्र जारी किया है उसके अनुसार तहसीलदार बैकुंठपुर दिनांक 19 नवंबर 2022 को जामपारा धान खरीदी केंद्र पहुंचे थे और उन्हें धान खरीदी केंद्र में जमकर अनियमितता मिली और लापरवाही भी उन्होंने देखी, धान खरीदी शासन के निर्देशानुसार न होकर शासन की नीति से विपरीत होना पाया गया और उसी को आधार बनाकर समिति प्रबंधक को हटाया गया।

बता दें कि जामपारा सहकारी समिति के प्रबंधक की पकड़ हर राजनीतिक दल में है और वह हमेशा क्षेत्रीय विधायकों के खास बनने में महारत हासिल किये हुए हैं और वर्तमान में भी वह विधायक बैकुंठपुर के खास हैं अब ऐसे में उनपर कार्यवाही को।लेकर यह भी चर्चा हो रही है कि शासन के निर्देश पर प्रशासन अब किसी को बख्शने वाला नहीं और जो गलत करता पाया जाएगा धान खरीदी केंद्र में उसका निपटना तय है। वैसे धान खरीदी को लेकर शासन के निर्देश इतने कड़े हैं कि मुश्किल से ही निर्देशों का हर जगह पालन संभव है और ऐसे में जहां भी गलती मिली कार्यवाही होगी यह तय नजर आ रहा है।

# तालाब निर्माण की राशि दस लाख पर थी दलालों की नज़र,कलेक्टर से हुई शिकायत

- कलेक्टर ने दिया जाँच का आदेश,कृषक के खाते में वेरिफ़ाइड नम्बर दलाल का पाया गया
- हितग्राही के खाते में किसी नेता के मोबाइल का नंबर था डला, एसएमएस हितग्राही के मोबाइल में न जाकर नेता के मोबाइल पर जा रहा?
- महिला बैंक कमर्चारी का कहना है हितग्राही के कहने के अनुसार उन्होंने खाता खोला है

– रवि सिंह –
बैकुण्ठपुर 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

ऊद्यानिकी विभाग बैकुंठपुर के द्वारा ग्राम रावतसरई ( सोनहत ) निवासी आनंदी सिंह के कटकोना स्थित भूमि के लिए तालाब स्वीकृत किया गया था जिसकी द्वितीय किस्त आहरण में दलालों द्वारा हेरफेर किए जाने की सम्भावना सच साबित हुई। वही सम्पूर्ण मामले में आज हितग्राही ने कलेक्टर कोरिया के समक्ष उपस्थित होकर आपबीती सुनाई एवं आवेदन देकर जाँच की माँग की। कलेक्टर को दिए अपने आवेदन में कृषक ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय बाग़वानी मिशन के अंतर्गत उनकी कटकोना स्थित ज़मीन पर तालाब बनाने हेतु बीस लाख का कार्य स्वीकृत हुआ था। जिसकी प्रथम किस्त दस लाख रुपए पूर्व में उनके सहकारी बैंक कटगोड़ी के खाते में आई एवं उस राशि का कार्य करा लिया गया, बाक़ी बचे कार्य के लिए दस लाख रुपए स्वीकृत होना था यहीं से इस प्रकरण पर एक विभागीय कर्मचारी की साँठ गाँठ से दलाल सक्रिय हो गए।

हितग्राही के पुत्र बालसाय के अनुसार उन्हें उक्त दलाल एवं विभागीय कर्मचारी ने बताया कि उसके वर्तमान खाते से लेन देन में समस्या हो रही है इसलिए उन्हें नया खाता खुलवाना पड़ेगा । इसलिए बालसाय एवं उसके पिता आनंदी सिंह को ऐक्सिस बैंक बैकुण्ठपुर ले ज़ाया गया जहां उनकी मुलाक़ात बैंक कर्मचारी शांति राजवाड़े से हुई । जिसने मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से अकाउंट खुलवाया बाद में पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त महिला एक्सिस बैंक श्रीनगर ब्रांच की कर्मचारी है तथा हितग्राहियों का खाता बैकुंठपुर में ना होकर श्रीनगर ब्रांच में है ।उक्त घटना से हितग्राहियों को शंका हो गयी जिसपर उन्होंने बैंक कर्मचारी से एक दो दिन तक पासबुक , चेकबुक , एटीएम की माँग की जिस पर उक्त महिला कर्मचारी ने बैंकिंग किट का गुम जाना बताया साथ ही कहा नए बैंकिंग किट हेतु आप थाने एवं ब्रांच में आवेदन दे दीजिए। जिसके सुझाव पर भोले भाले ने अमल किया एवं आवेदन कर दिया एवं अनहोनी की आशंका को देखते हुए खाते को होल्ड करा दिया गया। कुछ दिन बाद बैकुंठपुर पुलिस थाना से फ़ोन आने एवं सिपाहियों के द्वारा घर में आकर तलाशी लिए जाने पर उक्त कृषक को पता चला कि उनके हस्ताक्षरित दो चेक लगभग दस लाख रुपए राशि के प्राप्त हुए, जिसमें स्टाप पेमेंट होने के कारण राशि आहरण नहीं हो सका, जिसकी शिकायत उक्त दो व्यक्तियों ने की है। इस बारे में आनंदी सिंह का कहना है कि जिन दो व्यक्तियों के द्वारा शिकायत एवं चेक लगाया गया है उन्हें वो जानते तक नहीं है जबकि अपने आवेदन में उन लोगों ने खुद को व्यापारी बताते हुए उनके तालाब के निर्माण में सामग्री देना एवं जेसीबी चलाना बताया है। हितग्राही का कहना है कि चेक पर दस्तख़त उनके ही हैं किंतु संभवतः उनके अनपढ़ होने का फ़ायदा उठा कर उद्यानिकी विभाग के उक्त कर्मचारी एवं दलालों द्वारा विभिन्न दस्तावेज़ों एवं सादे काग़ज़ पर हस्ताक्षर लेने के दौरान चेक में भी हस्ताक्षर ले लिए गये हैं। सम्पूर्ण मामले में आनंदी सिंह के बैंक खाते में वेरिफ़ाइड मोबाइल नम्बर मुख्य दलाल का बताया जा रहा है , जिसके कारण हितग्राही को उसके खाते से सम्बंधित कोई जानकारी एसएमएस इत्यादि भी नहीं प्राप्त हो पा रहा था। जानकारों का मानना है कि इससे दलाल के ऊपर लग रहे आरोप पुख़्ता होते हैं बरहाल कलेक्टर द्वारा जाँच के आदेश दिए जाने से हितग्राहियों में न्याय की उम्मीद बलवती हुई है।



### किसान के आवेदन पर एक्सिस बैंक ने जारी किया खाते में दर्ज मोबाइल नम्बर

हैरानी की बात यह कि कल कलेक्टर कार्यालय में किसान द्वारा धोखाधड़ी की शिकायत के बाद मोबाइल बैंकिंग से नया नम्बर अपडेट किया गया। पुराना नम्बर एक स्थानीय नेता का है। बैंक के अनुसार किसान का खाता वो ही ऑपरेट कर रहा था, शिकायत के बाद उसी ने मोबाइल बैंकिंग से मोबाइल नंबर बदल दिया, वही बदला हुआ नंबर किसान का नही है। मामले की जांच पर हो सकता है बड़ा खुलासा।

### ऐक्सिस बैंक सूरजपुर में विभागीय कर्मचारियों व दलालो की साठगांठ से किसान का खुला खाता

उद्यान विभाग से आदिवासी किसान का तालाब हुआ स्वीकृत, 10 लाख की द्वितीय किश्त आनी थी, ऐक्सिस बैंक के सूरजपुर के कर्मचारी ने विभागीय कर्मचारियों और कुछ दलालो से साठगांठ कर रावतसरई के किसान का खाता सूरजपुर में खुलवाया, जब किसान अपना खाता ढूंढता बैकुंठपुर आया तो उसे पता चला कि उसका खाता सूरजपुर में है, और दलालो के चेक फर्जी तरीके से कट भी गया, किसान को पता नही चला, भागता हुआ किसान बैंक पहुंचा और खाते में होल्ड लगवा दिया, पैसा दलालो के खाते में जाने से बच गया, दलाल पहुंचे थाने तो किसान को ढूढने में जुट गई पुलिस, सरकारी राशि मे हेरफेर के मामले में अब मामला कलेक्टर के पास पहुंचा।

# लोक निर्माण विभाग के द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से नवनिर्मित सडक ठेकेदार एवं अधिकारियों के लापरवाही के कारण चढ गई भ्रष्टाचार की भेंट

- राजेन्द्र कुमार शर्मा -
खड़गवां, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम )लोक निर्माण विभाग के द्वारा संभाग मनेंद्रगढ़ मनेद्रगढ चिरमिरी भरतपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा सडक निर्माण कार्य के विभिन्न निर्माण एजेंसियों को नवनिर्माण कार्य दिया गया है।

ठेकेदारो के द्वारा समय अवधि समाप्त होने के बाद सडक निर्माण कार्य मे जमकर मनमानी बरती जा रही है। सडक निर्माण कार्य मे जो निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है वो पूर्णः गुणवत्ता विहीन और बिना डब्ल्यू एम एम प्लांट के मिश्रण कर सडक पर बिछाई जा रही है।

ठेकेदारो के द्वारा सडक निर्माण कि सामग्री को जे सी बी से डमफरो मे भरकर ऊपर से पानी डालकर उसकी को सडक पर बिछाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है वो भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की जानकारी मे हो रहा है सडक निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री की जाच हो तो गुणवत्ता की सारी पोल खुल जाएगी 40 एम एम गिट्टी बिछा कर ऊपर से डस्ट का छिडकाव कर दिया जा रहा है सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन निर्माण सामाग्री का उपयोग करते हुए कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

इनकी शिकायत भी लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से की गई हैं जिस पर लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा गुणवत्ता विहीन एवं बिना मापदंड के सडको के निर्माण कार्य की शिकायत जाच करने के लिए प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर एवं कलेक्टर कोरिया जाच कार्यवाही कर माननीय मंत्री के कार्यालय को अवगत कराए।



इस सडक निर्माण कार्य में सडक पर जो गिट्टी का मिश्रण लाकर बिछाया जा रहा है वो जे सी बी से डामफरो मे भरकर ऊपर से पानी डालकर सडक पर बिछाकर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है जबकि ठेकेदार के पास डब्ल्यू एम एम पलांट नहीं होने की जानकारी होने के और डब्ल्यू एम एम पलांट से निर्माण सामाग्री का मिश्रण होकर नहीं आने की जानकारी होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस घटिया बिना मापदंड की सामाग्री के सडक को गुणवत्ता युक्त बात कर निर्माण कार्य करा रहे है जिसके कारण करोड़ों रुपये की सडक खुलेआम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं वो भी विभाग के अधिकारियों के सामने।

इन सड़को के निर्माण कार्य के निरीक्षण करने वाले अधिकारी किसी भी सडक़ के गुणवत्ता विहीन कार्य के बारे मे बताने से बचते नजर आते है। कोई उच्च अधिकारी सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण मे आने वाला है तो उससे पहले ठेकेदार को अधिकारियों द्वारा सूचना दे दी जाती है जिससे अधिकारी और ठेकेदार आपस मे साठगांठ कर सडक निर्माण कार्य के जिस सथल का निरीक्षण करना होता है वहां अच्छी तरह से लीपापोती कर निरीक्षण कराया जाता है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा साइड निरीक्षण आफिस में बैठकर किया जाता है जिसका प्रमाण सडक निर्माण कार्य की गुणवत्ता खुद बया कर रही है?

सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा गुणवत्ता विहीन सड़क के निर्माण कार्य के बाद भी सड़क निर्माण कार्य का भुगतान भी ठेकेदार को किए जाने की तैयारी की जा रही है जबकि छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ( छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) के संचालक सांराश मितर ने सडकों के जाच के दौरान गुणवत्ता विहीन सडकों के भुगतान को रोकने का आदेश किया था उसके बाद भी विभाग के द्वारा गुणवत्ता विहीन सडको के भुगतान किया जा रहा है।

## राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भैरोताल में विधायक मद से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

- संवाददाता -
कोरबा, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भैरो ताल वार्ड 57 के पुरानी बस्ती में विधायक मद से नव निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण, राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा किया गया द्व कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने किया द्व भैरो ताल मूल ग्राम को आज तक नजर अंदाज कर रखा गया था,माकपा पार्षद एमआईसी सुश्री सुरती कुलदीप के द्वारा लगातार सामुदायिक भवन मांग किया गया द्व विधायक श्री अग्रवाल द्वारा सुरती कुलदीप के मांग को स्वीकार करते हुवे निर्माण कराया गया द्व गांव में लम्बे इंतजार के बाद सामुदायिक भवन बन जाने से ग्रामवासियों में भारी खुशी व्याप्त है द्व लोकार्पण समारोह में ग्रामवासी क्षेत्र के पार्षद



बसंत चंद्रा , शाहिद कुजूर एमआईसी सदस्य मस्तूल कंवर,पार्षद पवन गुप्ता,एल्डर मैन गीता गभेल ,क्षेत्र के सम्मनीय सामाजिक कार्यकर्ता जनक दास कुलदीप,प्रताप दास महंत ,महिला नेत्री धन बाई कुलदीप उर्वसी कंवर ,राम बाई आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ी गीत नहीं सुनाने पर प्राचार्य ने छात्र की पिटाई शिकायत करने स्कूल पहुंचे अभिभावकों से स्कूल प्राचार्य ने किया अभद्र व्यवहार

- मनोज कुमार -
लखनपुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एक निजी स्कूल में छात्र के छत्तीसगढ़ी गीत नहीं सुनाने पर स्कूल प्राचार्य ने डंडे से छात्र की पिटाई कर दी छात्र के हाथ में सूजन आने तथा हथेली में मवाद भर गया जिसे परिजन उपचार की लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य न लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा छात्र का उपचार किया गया। छात्र के साथ हुए पिटाई की शिकायत लेकर अभिभावक जब स्कूल पहुंचे तो प्राचार्य के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए स्कूल से बाहर निकालने की धमकी तक दे दी। पूरा मामला लखनपुर विकासखंड के ग्राम अंधला का है। जहां सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्र जो छत्तीसगढ़ी गीत नहीं सुना सका। प्राचार्य ने गुस्सा होते हुए डंडे से छात्र की पिटाई कर दी जिससे के दाहिने हाथ के हथेली में सूजन आने के साथ मवाद भर गया। जिसकी जानकारी उसने अपने अभिभावकों को 5 दिन बाद दी जिसके बाद अभिभावक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पहुंचे और प्राचार्य से पिटाई के संबंध में शिकायत करने लगे जिस पर प्राचार्य के द्वारा





अभिभावकों से अभद्र व्यवहार करते हुए स्कूल से बाहर निकालने और घर में पढ़ाने की धमकी दी। जिसे लेकर अभिभावक क्षुब्ध है। उपचार के लिए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर छात्र को पहुंचे जहां उसका उपचार डॉक्टरों द्वारा किया गया। इस संबंध में छात्र ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को स्कूल में छत्तीसगढ़ी गीत नहीं सुनाने पर कक्षा पांचवी के बहुत सारे छात्र छात्राओं को प्राचार्य के द्वारा डंडे से पिटाई की गई थी। तथा आरोप लगाते हुए कहा कि प्राचार्य के द्वारा डंडे से मेरे हथेली पर मारा गया था। जिस कारण हाथ में सूजन आ गया। प्राचार्य के डर से पिटाई की बात मैंने अपने घर में नहीं बताया। मितानिन कलेश्वरी महंत ने सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल अंधला प्राचार्य अमरेश सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी गीत नहीं सुनाने पर उनके भांजे सूरज को प्राचार्य ने डंडे से पिटाई कर दी। जिससे हाथ में सूजन आने के साथ हथेली में मवाद भर गया है। जब इसकी शिकायत लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे तो उनके द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया और धमकी देते हुए कहा कि मैं इलाज नहीं कराउगा आप लोग शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे हैं बल्कि आप बच्चे को स्कूल ना भेजें घर में ही बच्चे को पढ़ाएं । प्राचार्य की बात से अभिभावक छुब्ध हो गए जिसके बाद वह छात्र सूरज को उपचार के लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डॉक्टर के द्वारा उसका उपचार किया गया। छात्र के अभिभावकों ने कार्यवाही की मांग की है।

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य अमरेश सिंह ने इस संबंध में कहा कि 1 सप्ताह पूर्व बच्चों को छत्तीसगढ़ी गीत याद करने के लिए दिया गया था परंतु बच्चे छत्तीसगढ़ी गीत याद नहीं कर पा रहे थे। बच्चों के द्वारा होमवर्क नहीं किया जाता था। छोटा डंडे से 1 सप्ताह पूर्व मेरे द्वारा बच्चो को मारा गया था। मेरे मारने से बच्चे के हाथ में सूजन नहीं आया है अभिभावकों के द्वारा मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

**अमरेश सिंह**
**स्कूल प्राचार्य**

## केतकी भूमिगत खदान में बंधकर बनाकर डकैती के मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार




- संवाददाता -
सूरजपुर, 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

माईनस कालोनी विश्रामपुर निवासी विनोद पटेल ने दिनांक 31/01/22 को थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जनवरी के रात्रि में अज्ञात नकाबपोश चोरों के द्वारा केतकी भूमिगत खदान में घुसकर सुरक्षागार्ड, इलेक्ट्रीशियन व माईनिंग सरदार को डरा धमकाकर बंधक बनाकर सभी का मोबाईल अपने कब्जे में लेकर यूनिट स्टोर का दरवाजा को तोड़कर सीसीटीव्ही कैमरा के तार को काटकर 1 नंबर इंक्लाईन से पीव्हीसी आमर्ड केबल 50 मीटर को काटकर तथा आफिस के दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसकर 5 लोगों के मोबाईल कब्जे में लेकर तथा वर्कशॉप के टूल बाक्स को तोड़कर टूल्स को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 53/22 धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में मुखबीर की सूचना आरोपी संतलाल देवांगन, लक्ष्मण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, गजेन्द्र उर्फ पंडा सभी निवासी ग्राम पोड़ी थाना सूरजपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि तारा चंद देवांगन व शिव प्रसाद देवांगन व अन्य 2 साथियों के साथ मिलकर योजना बनाकर केतकी भूमिगत खदान में चोरी करना बताने पर मामले में धारा 395 भादसं. जोड़ी गई। आरोपियों के निशानदेही पर 10 मीटर प्हीव्हीसी आमर्ड केबल कीमत करीब 20 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त औजार जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले के अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने फरार आरोपियों की पतासाजी गंभीरतापूर्वक करते हुए गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आरोपी ताराचंद देवांगन पिता बलधारी राम उम्र 23 वर्ष व शिवप्रसाद देवांगन उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी को दबिश देकर पकड़ा गया, जिनके कब्जे से लूट किया गया 1 नग मोबाईल बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। मामले में 2 अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक ऐसन पाल, इसित बेहरा, आरक्षक राधेश्याम साहू, हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।





## संसदीय सचिव चिन्तामणी महराज ने कुसमी ब्लाक के कई गांव का किया दौरा

- संवाददाता -
कुसमी , 24 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चिन्तामणी महराज ने आपके विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुसमी ब्लाक के कटीमा, कंचनटोली, लरीमा,त्रिपुरी, रामनगर, अम्बाटोली,रातसीलि सहित अन्य गांवों का दौरा किया,वही गांव के लोगो की बीच में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी और समस्या के जल्द ही निराकरण का आश्वासन भी लोगो को दिया, कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन भगत,बालेश्वर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन कार्यक्रम में शामिल हुये।

## वादाखिलाफी को लेकर भाजयुमो ने सीएम के विभाग पर बोला हमला





- संवाददाता -
रामानुजगंज 24 नवंबर 2022(घटती घटना)

भारतीय जनता युवा मोर्चा रामानुजगंज नगर मंडल के द्वारा प्रदेश आह्वान पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष विकेश साहू के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में बिजली बिल में सुरक्षा निधि के नाम पर और बेतहाशा बिल थमाने का विरोध प्रदर्शन करने के निर्णय पर भाजयुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बिजली ऑफिस के सामने नुक्कड़ सभा कर लोगों के बीच बिजली बिल के मुद्दों को लेकर युवा मोर्चा के साथियों ने अपनी बातों को रखा। मंडल अध्यक्ष अनोज यादव ने कहां की पूरे छत्तीसगढ़ में बिजली बिल की समस्या बनी हुई है। 200 से 300 आने वाला बिल 1000 आ रहा है, जनता परेशान है। बिजली बिल के नाम पर प्रदेश सरकार आम आदमी से अवैध उगाही कर रही है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि हम बिजली के बिल हाफकर देंगे पर हाफ कर देने की बजाए और बढ़ा दिया गया। जिसके खिलाफ भाजयुमो का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनके बिलों को इकट्ठा कर बड़ा आंदोलन आने वाले समय में करेंगे। इनके बुरे दिन चालू हो गए हैं। जनता इनसे परेशान हो चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इनके पूरे वादे झूठे निकले। इसी तरह कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी बातें रखी। इरफान अंसारी असर्फी यादव विक्रम गुप्ता कृपाशंकर गुप्ता अरविंद यादव उमेश गहरवार अजय सिंह एवं भारी संख्या में अन्य कार्यकतागण सामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए एसडीएम गौतम सिंह पुलिस एसडीओ एन.के. सूर्यवंशी पूरे पुलिस दलबल के साथ मौके पर उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202211020700051**

**विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**केशवपुर प.ह.न. 00024 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-रामचन्द्र,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक रामचन्द्र आ0 स्व0 सोमार साय, निवासी ग्राम केशवपुर, तहसील आम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम केशवपुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 645/9, 645/15 रकबा कमशः 0.405,0.081 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/12/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/11/2022 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0**

**रा.प्र.क्र...**

साकिन सूरजपुर

**ईश्तहार**

आगामी तिथि-06-12-2022

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रमेश कुमार साहू वल्द हीरालाल, उम्र- 43 वर्ष, जाति तेली, निवासी-ग्राम नगर सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) व अन्य 04 के द्वारा फौती नामांतरण बावत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2029 एवं 2030 रकबा क्रमशः Q04/162, 0.11/445 डिसमिल भूमि से सहखातेदार हीरालाल का नाम विलोपित कर आवेदकगण के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय द्वारा की जा रही है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक-06/12/2022 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
सूरजपुर


# सरकारें केन्द्र की हो या राज्य की,मजबूत न हो तो...

## समाज में बना रहता है अराजकता का खतराःबजरंग मुनि

- संवाददाता -
रामानुजगंज 24 नवंबर 20-22 (घटती घटना)

समाज विज्ञानी बजरंग मुनि जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहां की भारत में विपक्षी दल यह बात लगातार प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार तानाशाही की दिशा में बढ़ रही है। मैंने इस विषय पर गंभीरता से सोचा। यह बात सही है कि अव्यवस्था और अराजकता की रोकथाम के लिए भारत सरकार अवश्य ही सशक्त कदम उठा रही है और मेरा मानना है कि किसी भी सरकार को मजबूत होना ही चाहिए अन्यथा समाज पर हमेशा अव्यवस्था और अराजकता का खतरा बना रहता है। मेरा यह अनुभव है कि भारत में सन 1973 तक नेहरु खानदान की एकछत्र तानाशाही रही। बाद में थोड़ा-सा संतुलन बना भी लेकिन पुनः इंदिरा गांधी की तानाशाही आ गई और उसके बाद राजीव गांधी की तानाशाही देखने को मिली। वर्तमान में न्यायिक तानाशाही चल रही है। नरेंद्र मोदी के आने के बाद भारत धीरे-धीरे सुव्यवस्था की और बढ़ रहा है। तानाशाही का अर्थ होता है कि संविधान को तंत्र द्वारा गुलाम बना लेना। अब तक नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ना तो कोई न्यायपालिका पर आक्रमण हुआ है और ना ही संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ हुई है। हां, इतना जरूर है कि संविधान को थोड़ा-सा स्वतंत्र किया गया है जो आदर्श लोकतंत्र की एक निशानी है। वास्तव में तो नेहरु तानाशाह थे जिन्होंने समय-समय पर न्यायपालिका के अधिकार कम कर दिए थे। इंदिरा भी एक तानाशाह ही थीं जिन्होंने पूरे देश में आपातकाल लगाया। राजीव गांधी तानाशाह थे और उन्होंने संविधान में मनमाने संशोधन किए। शाहबानो प्रकरण, दल-बदल कानून इनकी तानाशाही का सबूत है। यह तानाशाह प्रवृत्ति के लोग मोदी को तानाशाह कैसे कह



सकते हैं? जिन्होंने अब तक संविधान में कोई ऐसा संसोधन नहीं किया है, जिन्होंने न्यायपालिका पर अब तक कोई बड़ा आक्रमण नहीं किया है।

यह बात सही है कि राजनैतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी अबतक के सर्वाधिक शक्तिशाली प्रधानमंत्री के रुप में सामने आए हैं जो कि एक अलग तरह की बुराई है लेकिन कोई खानदानी तानाशाही नहीं। इसे हम भाजपा की बुराई नहीं कह सकते हैं। नरेंद्र मोदी के अब तक के किसी कार्य से तानाशाही की संभावना नहीं दिख रही है और सच्चाई यह है कि अभी तक उनके पास ऐसी कोई संवैधानिक शक्ति भी नहीं आई है। जब संसद में दो-तिहाई से अधिक बहुमत प्राप्त होता है, तब तानाशाही की संभावना बनती है और ऐसी तानाशाही हम कई बार देख चुके हैं। लेकिन अभी तक नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ऐसा कोई लक्षण नहीं दिख रहा है। अगर पिछले तानाशाह मजबूत प्रशासन को तानाशाही के रूप में प्रसारित कर रहे हैं तो माना जाएगा कि यह उनकी बुरी नीयत है। यही कारण है कि आज भारत में नरेंद्र मोदी का समर्थन दिन-प्रतिदिन लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि यह विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है कि नरेंद्र मोदी लोकतांत्रिक तरीके से अराजकता और अव्यवस्था से देश को मुक्त रख सकते हैं।

# तेलंगाना के निशांत भूक्या व ओडिशा की तन्वी पात्री ने जीता एकल खिताब

**लखनऊ ,24 नवंबर 2022।** ओडिशा की तन्वी पात्री ने योनेक्स सनराईज 34वीं सब जूनियर अंडर - 13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2022 में बालिका एकल के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की दिव्यांशी गौतम को सीधे गेम में 21-7, 21-10 से मात देकर बालिका नेशनल चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हाल में खेले गए फाइनल मुकाबलों में चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या ने बालक एकल खिताब जीता। इसके बाद खेले गए युगल मुकाबलों मे तमिलनाडु की लक्ष्य एनडी व दीक्षा एसआर ने बालिका और मणिपुर के मार्टिन इनगुदम व रिशव नागनोम ने युगल खिताब जीता।

बालिका एकल के 22 मिनट चले फाइनल मुकाबले में आठवीं वरीय तन्वी को यूपी की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर फिटनेस का फायदा मिला। दोनों ही खिलाड़ियों की यह पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप थी जिसमें तन्वी ने पहला गेम आसानी से 21-7 से जीत लिया। तन्वी ने 14-5 की बढ़त बनाने के बाद गेम में दबदबा बनाये रखा और आसानी से लगातार छह अंक जुटाए लेकिन अगली ही सर्विस पर दिव्यांशी ने गेम प्वाइंट बचाते हुए स्कोर किया।




तन्वी ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा मुझे अपनी पहली नेशनल चैंपियनशिप में ही नेशनल खिताब जीतने की खुशी है और मैने फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब मेरा ध्यान आगामी टूर्नामेंटों पर है। तन्वी ने इससे पहले इसी साल अंडर-13 आयु वर्ग के दो नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट खेले थे जिसमें मुंबई रैंकिंग नेशनल में पहला स्थान और हैदराबाद रैंकिंग टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था।

बालक एकल के फाइनल में 11वीं वरीय आंध्र प्रदेश के अखिल रेड्डी बोपा और चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या के बीच 44 मिनट चले मैराथन मुकाबले में निशांत ने 19-21, 21-12, 22-20 से जीत दर्ज की। निशांत कड़े संघर्ष के बाद पहला गेम 19-21 से गंवा बैठे। हालांकि निशांत ने दूसरा गेम आसानी से 21-12 से जीत लिया। तीसरे व निर्णायक गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें निशांत ने 22-20 से जीत दर्ज करते हुए बालक एकल में चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया।

बालिका युगल के फाइनल में शीर्ष वरीय तमिलनाडु की लक्ष्य एनडी व दीक्षा एसआर चैंपियन बने। इस जोड़ी ने सातवीं वरीय तेलंगाना की आराध्या रेड्डी हनुमैया गारी व अवनी रेड्डी हनुमैया गारी को 20 मिनट चले मुकाबले में 21-6, 21-8 से हराया। बालक युगल के फाइनल में मणिपुर के मार्टिन इनगुदम व रिशव नागनोम ने दूसरी वरीय तमिलनाडु के मोहित दर्शन महेश कुमार व योगेश्वरन एस को 37 मिनट चले मुकाबले में 22-20, 23-21 से हराकर खिताब जीता।



## स्पेन को हराकर क्रोएशिया डेविस कप के सेमीफाइनल में

**सिडनी ,24 नवंबर 2022।** अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिच ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्टा को पराजित करके क्रोएशिया को डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचाया। सिलिच ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी की लेकिन निर्णायक सेट के टाईब्रेकर में एक समय वह 1-4 से पीछे चल रहे थे।

सिलिच ने यहीं पर अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और 5-7, 6-3, 7-6 (5) से जीत दर्ज करके क्रोएशिया को स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। यह मैच तीन घंटे और 13 मिनट तक चला। इससे पहले बोर्ना कोरिच ने पहले एकल मैच में रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-4, 7-6 (4) से उलटफेर का शिकार बनाकर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई थी। क्रोएशिया की डेविस कप में स्पेन पर यह पहली जीत है। सेमी फाइनल में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# बांग्लादेश वनडे सीरीज से बाहर हुए जडेजा,दयाल

**मुंबई ,24 नवंबर 2022।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और युवा तेज गेंदबाज यश दयाल बांग्लादेश के खिलाफ दिसंबर में होने वाली एकदिवसीय शृंखला से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी।

बीसीसीआई ने बताया कि इन दोनों खिलाड़ियों के स्थान पर तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और हरफनमौला शाहबाज अहमद को टीम में तलब किया गया है। कुलदीप और शाहबाज़ को इससे पहले 25 नवंबर से ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में नामित किया गया था, हालांकि अब वे बांग्लादेश जाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड में एकदिवसीय टीम में इनकी जगह किसी को शामिल नहीं किया गया है।

दूसरी ओर, दयाल को पीठ के निचले हिस्से में समस्या के कारण बंगलादेश दौरे से बाहर कर दिया गया है, जबकि जडेजा अभी तक अपने घुटने की चोट से उबर नहीं पाए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि जडेजा बोर्ड की मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए जडेजा के



उपलब्ध होने पर बोर्ड ने कोई जानकारी नहीं दी।

न्यूजीलैंड वनडे के लिए भारतीय टीम : शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, उमरान मलिक

बांग्लादेश वनडे के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन, शाहबाज़ अहमद, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन

चयनकर्ताओं ने बांग्लादेश ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम का भी चयन किया है।

पहले चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ

दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत शेठ, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, केएस भरत

# फीफा वर्ल्ड कप के बीच रोनाल्डो को बड़ा झटका, फैन का मोबाइल तोड़ने पर लगा 2 मैच का बैन

**लंदन ,24 नवंबर 2022।** कतर की मेजबानी में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2022 के बीच दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को एक बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के घरेलू टूर्नामेंट एफए कप की ओर से रोनाल्डो पर जुर्माना और दो मैच का प्रतिबंध लगाया गया है।

दरअसल, रोनाल्डो इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेलते हैं। हाल ही में उन्होंने मैच में हारने के बाद बाहर निकलते समय गुस्से में एक फैन का मोबाइल तोड़ दिया था। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए रोनाल्डो पर यह जुर्माना और बैन लगा है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोनाल्डो पर 50,000 पाउंड (करीब 49 हजार रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही एफए कप की ओर से दो मैच का बैन भी लगा है। ऐसे में यह प्रतिबंध वर्ल्ड कप में लागू नहीं होगा। यह प्रतिबंध सिर्फ एफए टूर्नामेंट के मैचों में ही रहेगा। दरअसल, इसी साल अप्रैल में मैनचेस्टर यूनाइटेड टीम ने एवरटन के खिलाफ मैच खेला था। चैम्पियंस लीग में चालिफाई करने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड को यह मैच जीतना बेहद जरूरी था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका था। इस मैच में एवरटन ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को करारी शिकस्त दी थी। इसके साथ ही चैम्पियंस लीग में चालिफाई करने की उम्मीदें भी कमजोर पड़ गई थीं।

## हमें खुद को संभालना होगा:अर्जेंटीना के बॉस स्कालोनी

**लुसैल ,24 नवंबर 2022।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी ने कहा कि उनकी टीम 2022 फीफा विश्व कप के अपने शुरूआती मैच में सऊदी अरब से 2-1 से हार के बावजूद सकारात्मक सोच रखेगी। दो बार के विश्व चैंपियन ने अपने ग्रुप सी अभियान की सही शुरूआत के लिए ट्रैक पर रहने पर विचार कर रहे थे, जब लियोनेल मेसी ने लुसैल स्टेडियम में शुरूआती पेनल्टी को गोल में बदल दिया था।

लेकिन सालेह अल-शेहरी और सलेम अल-दोसारी ने दूसरे हाफ में गोल करके सऊदी अरब को दक्षिण अमेरिकी टीम पर अपनी पहली जीत दिलाई। स्कालोनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे पास खुद को संभालने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। यह एक दुखद दिन था, लेकिन हमें बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। स्कालोनी ने कई चूके हुए अवसरों पर निराशा जताई, यह इंगित करते हुए कि उनकी टीम खेल को हाफटाइम तक अपने पाले में कर सकती थी। अर्जेंटीना ने शुरूआती 45 मिनट में लुटारो मार्टिनेज (दो बार) और लियोनेल मेसी के साथ तीन गोल करने से इनकार कर दिया, क्योंकि सऊदी अरब ने एक उच्च डिफेंसिव लाइन तैनात की थी।

स्कोलोनी ने कहा, पहला हाफ हमारा था और उन आफसाइड स्थितियों में आसानी से गोल हो सकते थे। दूसरे हाफ में, उन्होंने हम पर दबाव बनाया। हम बाद में इसका बेहतर विश्लेषण करेंगे। खिलाड़ी परिणाम से निराश हैं, लेकिन हम जानते हैं कि हम स्थिति को बदल सकते हैं। अंतिम 16 के दौर में आगे बढ़ने के लिए अर्जेंटीना को अपने अंतिम दो ग्रुप मैच शनिवार को मैक्सिको और पोलैंड के खिलाफ जीतने होंगे।



## विश्व टीम शतरंजः टाईब्रेकर तक चले मुकाबले में भारत ने फ्रांस को हराया

**जर्मनी,,24 नवंबर 2022।** भारत ने टाईब्रेकर तक चले मुकाबले में फ्रांस को पराजित करके फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले दोनों मुकाबलों में दोनों टीम बराबरी पर रही जिसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें भारत ने 2.5- 1.5 के अंतर से जीत दर्ज की। भारत की जीत के नायक निहाल सरीन और एस एल नारायणन रहे जिन्होंने क्रमशः जूल्स मौसर्ड और लॉरेंट फ्रेसिनेट को हराया। भारत के शीर्ष खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रांसीसी स्टार मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को 45 चाल में बराबरी पर रोका जबकि के शशिकिरण को मैक्सिमे लेगार्ड ने 55 चाल में पराजित किया।

ऐसे में सरीन और नारायणन की जीत से भारत आगे बढ़ने में सफल रहा। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला उज़्बेकिस्तान से होगा। उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले शुरुआती मुकाबले में गुजराती ने लाग्रेव को जबकि नारायणन ने फ्रेसिनेट को हराया। सरीन और शशिकिरण ने अपनी बाजियां ड्रा खेली जिससे भारत ने यह मुकाबला 3-1 से जीता। फ्रांस ने हालांकि दूसरे मुकाबले में इसी अंतर से जीत दर्ज करके मैच को टाईब्रेकर तक खींचा। दूसरे मुकाबले में लाग्रेव ने गुजराती को जबकि फ्रेसिनेट ने नारायणन को हराया। सरीन और शशिकिरण ने फिर से अपनी बाजियां ड्रा खेली। अन्य मुकाबलों में स्पेन ने अज़रबैजान और चीन ने पोलैंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी।

# मिकी बात्सुयाइ के गोल की मदद से बेल्जियम ने कनाडा को 1-0 से हराया

**कतर ,24 नवंबर 2022।** मिकी बात्सुयाइ के पहले हॉफ के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बेल्जियम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद कनाडा को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। कनाडा 36 साल बाद विश्वकप में भाग ले रहा है। उसने अच्छे प्रयास किए लेकिन बात्सुयाइ के 44वें मिनट में किए गए गोल से उसकी वापसी यादगार नहीं बन पाई। विश्व में दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम किसी भी समय अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। उसके गोलकीपर थिबाउट कौरटोइस ने अगर शुरू में पेनल्टी नहीं बचाई होती तो परिणाम इसके उलट भी हो सकता था।

बेल्जियम के लिए जीत के अलावा मैच में जश्न मनाने वाली कोई अन्य चीज नहीं रही। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक केविन डी ब्रूएन भी अपने और टीम के प्रदर्शन से निराश थे। जब उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तो वह इस फैसले पर भी हैरान थे। डी ब्रूएन ने कहा,'' मुझे नहीं लगता कि मैंने अच्छा खेल दिखाया। मैं नहीं जानता कि मुझे यह ट्रॉफी क्यों दी गई। मुझे लगता है कि मेरे नाम के कारण मुझे यह पुरस्कार मिला।'' बेल्जियम की उम्रदराज टीम को कुछ अवसरों पर कनाडा ने कड़ी चुनौती दी। कनाडा ने विश्वकप के इतिहास में अब तक जो चार मैच खेले हैं वह उन सभी में गोल करने में नाकाम रहा है। उसने 1986 के विश्वकप में तीन मैच खेले थे जिनमें वह गोल नहीं कर पाया था।

कनाडा ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने गोल पर 21 शॉट जमाए जबकि बेल्जियम नौ शॉट ही जमा सका। कनाडा के इन शॉट में उसके स्टार खिलाड़ी अल्फोंसो डेविस का पेनल्टी पर लिया गया शॉट भी शामिल है जिसे बेल्जियम के गोलकीपर ने रोक दिया था। कनाडा के पास विश्वकप में गोल करने का यह सबसे सुनहरा मौका था जो उसने गंवा दिया। कनाडा के कोच जॉन हेर्डमैन ने अपने खिलाड़ियों के बारे में कहा, ''उन्होंने दिखाया कि वह इस स्तर पर खेलने के लिए तैयार है और इस स्तर के खिलाड़ी हैं।'' मैच का निर्णायक पल 44वें मिनट में आया जब बेल्जियम ने बढ़त हासिल की।

तब हालांकि डी ब्रूएन का थ्रो या ईडन हजार्ड का पास अच्छा नहीं था लेकिन कनाडा की रक्षा पंक्ति छितर गई जिसका फायदा उठाकर बात्सुयाइ ने गोल दाग दिया। बेल्जियम के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने स्वीकार किया कि छह साल पहले कोच पद संभालने के बाद यह उनकी टीम का सबसे खराब प्रदर्शन था। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि बहुत अच्छा खेल नहीं दिखाने के बावजूद हमने मैच जीत लिया। '' बेल्जियम का अगला मुकाबला रविवार को मोरक्को से जबकि कनाडा का इसी दिन क्रोएशिया से होगा।



## अभिनेता जॉन अब्राहम अभिषेक शर्मा की फिल्म परलोक में आएंगे नजर

जॉन अब्राहम मौजूदा दौर के बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। अब एक और फिल्म का नाम उनके साथ जुड़ चुका है। वह फिल्ममेकर अभिषेक शर्मा की अगली फिल्म परलोक में मुख्य भूमिका में पर्दे पर दिखेंगे। एक इंटरव्यू में अभिषेक ने खुद जॉन के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें उनका अलग अवतार देखने को मिल सकता है।

उन्होंने कहा, यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है। हम फिल्म बनाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं। यह एक शानदार कहानी है, जिसे हम दोनों दर्शकों को बताना चाहते हैं। अगर आप गौर करें तो मैंने कभी एक ही जॉनर पर लगातार काम नहीं किया है और यह फिल्म एक निर्देशक के रूप में मेरी नई दुनिया होने जा रही है।

अभिषेक ने बताया कि फिल्म में वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई है। वह 2019 में आई द जोया फेक्टर के बाद ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करना चाहते थे। हालांकि, योजना के मुताबिक वह काम नहीं कर पाए। इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार को साथ लेकर राम सेतु बनाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि परलोक में किस अभिनेत्री की एंट्री होती है। परलोक के अलावा भी अभिषेक और जॉन के बीच कई अन्य प्रोजेक्ट्स को लेकर बातचीत चल रही है। निर्देशन के साथ ही परलोक का लेखन भी अभिषेक ने किया है। जॉन अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। अभिनेता के अलावा एक प्रोड्यूसर के रूप में भी जॉन अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन में विक्की डोनर, मद्रास कैफे, बाटला हाउस और परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरण जैसी फिल्में बनाई हैं।



## रेड डीपनेक ड्रेस में क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिखीं नेहा मलिक

हॉट एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने सेक्सी लुक्स के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक बार फिर हॉटनेस का तड़का लगा दिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग आउटफिट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। उनकी हर तस्वीरों पर फैंस हमेशा अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने किलर लुक्स में हॉट फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक ने रेड कलर की डीप नेक ड्रेस पहन कर बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हॉट ड्रेस पहने हुए सिजलिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक जुल्फे सवारती हुई बेहद हसीन लग रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक इन दिनों सोशल मीडिया पर बोल्डनेस से लाइमलाइट बटौर रही हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 3.4 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।













# बैठक में लिया गया किसानों के हक में बड़ा फैसला

### » फसल नुकसान पर मुआवजा राशि में इजाफा

**रायपुर,24 नवम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के हक में बड़ा फैसला लेते हुए बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि और पाला से होने वाले फसल नुकसान के मुआवजे में बड़ा इजाफा किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान की सीमा को भी बढ़ाया गया है। पहले यह 70 करोड़ रुपए था, इसे बढ़ाकर अब 110 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है।

कृषि, पंचायत और संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत सरकार की ओर से सहायता दी जाती थी। लंबे समय से सहायता राशि में बदलाव नहीं हुआ था, जिसकी वजह से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती थी। ऐसे में राजस्व पुस्तक परिपत्र में संशोधन कर सहायता राशि को बढ़ाया गया है। इसमें जनहानि का मुआवजा तो पहले की तरह चार लाख रुपए ही है, लेकिन फसल, मकान, जमीन और मवेशी (क्व्वद्द छद्गष्ठद्दद्वश्ठ) आदि के नुकसान का मुआवजा बढ़ाया गया है।

जिला खनिज संस्थान न्यास से संपादित अधोसंरचना के कार्यों पर व्यय हेतु न्यास निधि में प्राप्त राशि से निश्चित प्रतिशत राशि के बंधन से मुक्त किए जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान नियम 2015 में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

इसके तहत् डीएमएफ के अन्य प्राथमिकता मद में उपलब्ध राशि का 20 प्रतिशत सामान्य क्षेत्र में तथा 40 प्रतिशत अधिसूचित क्षेत्र में व्यय किए जाने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, इससे अधोसंरचना के कार्य को गति मिलेगी जिससे प्रदेश में सामाजिक एवं आर्थिक विकास तेजी से होगा।

नवीन मछली पालन नीति में संशोधन किए जाने के विभागीय आदेश का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। अब मछली पालन के लिए तालाब/जलाशय की नीलामी नहीं होगी। तालाब/जलाशय 10 वर्ष के लीज पर दिए जाएंगे। तालाब/जलाशय के पट्टा आबंटन में सामान्य क्षेत्र में ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह के मछुआ समूह एवं मत्स्य सहकारी समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी तरह अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग के मछुआ समूह एवं मत्स्य सहकारी समिति को प्राथमिकता दी जाएगी।

संशोधन प्रस्ताव के अनुसार ग्रामीण तालाब के मामले में अधिकतम एक हेक्टेयर के स्थान पर आधा हेक्टेयर तथा सिंचाई जलाशय के मामले में 4 हेक्टेयर के स्थान पर 2 हेक्टेयर प्रति सदस्य/प्रति व्यक्ति के मान से जल क्षेत्र आबंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है। मछली पालन के लिए गठित समितियों का आडिट अब सहकारिता एवं मछली पालन विभाग की संयुक्त टीम करेगी।

राज्य शासन छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज संघ एवं निजी निवेशकों के मध्य सम्पादित त्रिपक्षीय एमओयू के आधार पर स्थापित वनोपज आधारित उद्योगों द्वारा जो उत्पाद निर्माण किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के अंतर्गत 40 प्रतिशत की छूट के साथ क्रय करते हुए संजीवनी एवं अन्य माध्यमों से विक्रय हेतु शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के फलस्वरूप उन उद्योगों को जो वनोपज आधारित उत्पादों का निर्माण करना चाहते हैं उनको बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल के अंतर्गत अच्छी क्वालिटी के उत्पादों का विक्रय हो सकेगा।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा, अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था में प्रवेश में आरक्षण संशोधन विधेयक के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2022-23 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2022 का अनुमोदन किया गया।

ग्राम सेरीखेड़ी रायपुर पटवारी हल्का नम्बर 77 में स्थित शासकीय भूमि 9.308 हेक्टयर भूमि का आबंटन प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन साधारण प्रकृति के प्रकरणों को जनहित में वापस लिए जाने हेतु निर्धारित अवधि 31 दिसंबर 2017 को बढ़ाकर 31 दिसंबर 2018 करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

मुख्यमंत्री जी के स्वेच्छानुदान राशि 70 करोड़ से बढ़ाकर 110 करोड़ किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

भारत सरकार के संशोधन के अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6 क्रमांक 4 में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रस्तुत संशोधन प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।




### लोकसभा में पारित करेंगे आरक्षण, संशोधन प्रारूप की मंजूरी के लिए बैठक

छत्तीसगढ़ में आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार 1 व 2 दिसंबर को आरक्षण में संशोधन विधेयक पेश करेगी। संशोधन के प्रारूप की मंजूरी के लिए कैबिनेट की बैठक चल रही है। खबर है कि राज्य सरकार विशेष सत्र के संशोधन विधेयक पारित होने के बाद 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लोकसभा भेजेगी। लोकसभा के शीतकालीन सत्र में इसे प्रस्तुत किया जाएगा।

9वीं अनुसूची में शामिल होने के बाद इसे कोर्ट के चुनौती नहीं दी जा सकेगी। दरअसल, जिन राज्यों में 50त्न से ज्यादा आरक्षण है, वहां भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई गई है। आरक्षण ऐसा विषय है, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत होते हैं, इसलिए लोकसभा से पारित होने में कोई मुश्किल नहीं आएगी।

### संविधान की 9वीं अनुसूची

9वीं अनुसूची में केंद्र और राज्य कानूनों की एक ऐसी सूची है, जिन्हें न्यायालय के समक्ष चुनौती नहीं दी जा सकती। वर्तमान में संविधान की 9वीं अनुसूची में कुल 284 कानून शामिल हैं, जिन्हें न्यायिक समीक्षा संरक्षण प्राप्त है अर्थात इन्हें अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है। 9वीं अनुसूची को वर्ष 1951 में प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से भारतीय संविधान में शामिल किया गया था। यह पहली बार था, जब संविधान में संशोधन किया गया था।

### छत्तीसगढ़ की नवीन मछली पालन नीति कैबिनेट में मंजूर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में आज छत्तीसगढ़ राज्य की नवीन मछली पालन नीति में मछुआरा के हितों को ध्यान में रखते हुए संशोधन को मंजूरी दी गई। मछुआ समुदाय के लोगों की मांग और उनके हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से नवीन मछली पालन नीति में तालाब और जलाशयों को मछली पालन के लिए नीलामी करने के बजाय लीज पर देने के साथ ही वंशानुगत-परंपरागत मछुआ समुदाय के लोगों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। तालाबों एवं सिंचाई जलाशयों के जलक्षेत्र आबंटन सीमा में 50 फीसद की कमी कर ज्यादा से ज्यादा मछुआरों को रोजी-रोजगार से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। प्रति सदस्य के मान से आबंटित जलक्षेत्र सीमा शर्त घटाने से लाभान्वित मत्स्य पालकों की संख्या दोगुनी हो जाएगी।

संशोधित नवीन मछली पालन नीति के अनुसार मछली पालन के लिए तालाबों एवं सिंचाई जलाशयों की अब नीलामी नहीं की जाएगी, बल्कि 10 साल के पट्टे पर दिए जाएंगे। तालाब और जलाशय के आबंटन में सामान्य क्षेत्र में ढ़ीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह के मछुआ समूह एवं मत्स्य सहकारी समिति को तथा अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग के मछुआ समूह एवं मत्स्य सहकारी समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जो अपनी अजीविका का अर्जन मछली पालन, मछली पकड़ने या मछली बीज उत्पादन का कार्य करता हो, के तहत वंशानुगत-परंपरागत धीवर (ढ़ीमर), निषाद (केंवट), कहार, कहरा, मल्लाह को प्राथमिकता दिया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह मछुआ समूह एवं मत्स्य सहकारी समिति अथवा मछुआ व्यक्ति को ग्रामीण तालाब के मामले में अधिकतम एक हेक्टेयर के स्थान पर आधा हेक्टेयर जलक्षेत्र तथा सिंचाई जलाशय के मामले में चार हेक्टेयर के स्थान पर दो हेक्टेयर जलक्षेत्र प्रति सदस्य/प्रति व्यक्ति के मान से आबंटित किया जाएगा। मछली पालन के लिए गठित समितियों का ऑडिट अभी तक सिर्फ सहकारिता विभाग द्वारा किया जाता था। अब संशोधित नवीन मछली पालन नीति में सहकारिता एवं मछली पालन विभाग की संयुक्त टीम ऑडिट की जिम्मेदारी दी गई है।

त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था अंतर्गत शून्य से 10 हेक्टेयर औसत जलक्षेत्र के तालाब एवं सिंचाई जलाशय को 10 वर्ष के लिए पट्टे पर आबंटित करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। जनपद पंचायत 10 हेक्टेयर से अधिक एवं 100 हेक्टेयर तक, जिला पंचायत 100 हेक्टेयर से अधिक एवं 200 हेक्टेयर औसत जलक्षेत्र तक, मछली पालन विभाग द्वारा 200 हेक्टेयर से अधिक एवं 1000 हेक्टेयर औसत जलक्षेत्र के जलाशय, बैराज को मछुआ समूह एवं मत्स्य सहकारी समिति को पट्टे पर देगा। नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले समस्त जलक्षेत्र नगरीय निकाय के अधीन होंगे, जिसे शासन की नीति के अनुसार 10 वर्ष के लिए लीज पर आबंटित किया जाएगा।

# लखमा बोले आरक्षण नहीं दिला पाया तो राजनीति छोड़ दूंगा

**कवासी लखमा बोले-आदिवासियों के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लेंगे, सफल नहीं हुआ तो इस्तीफा दे दूंगा,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा इस्तीफे की जरूरत नहीं पड़ेगी**

**रायपुर,24 नवम्बर 2022(ए)।** गुरुवार को रायपुर में मीडिया से बातचीत में कवासी लखमा ने कहा, ÷मैं, मेरी सरकार, मेरे मुख्यमंत्री आदिवासी भाई लोग से लगातार बैठकर सुझाव ले रहे हैं। उन्हीं के सुझाव पर कर्नाटक, तमिलनाडु गए। उन्हीं के सुझाव और मांग पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। उससे बढ़कर क्या करना है। हम दो तारीख को इसे (आरक्षण विधेयक को) पास कराएंगे।' लखमा ने कहा, ÷हम राज्यपाल के पास, राष्ट्रपति के पास और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे। अगर उस समय तक सफलता नहीं मिला तो मैं अपने आप को राजनीति से अलग कर लुंगा।



सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री का यह बयान उस समय आया जब कैबिनेट ने आरक्षण देने के लिए दो संशोधन विधेयकों को मंजूरी दी है। इन विधेयकों को सरकार विधानसभा से पारित कराने की तैयारी में है। दावा किया जा रहा है, इससे सभी वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिल जाएगा। इधर मुंबई रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आरक्षण के लिए ही हम विधानसभा का विशेष सत्र बुला रहे हैं। कवासी लखमा को इस्तीफा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बता दें कि बुधवार को मंत्री कवासी लखमा भानुप्रतापुर विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रचार करने वहां के एक गांव बोगर पहुंचे थे। वहां सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने उन्हें घेर लिया। वे लोग आरक्षण मामले में सरकार के स्टैंड का विरोध करने लगे। इसपर कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी ने कहा, मंत्री कवासी लखमा ने अपनी हर सभा में लोगों से ये वादा किया है कि अगर वे आदिवासियों को फिर से 32त्न आरक्षण नहीं दिला पाएं तो अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। कवासी लखमा ने कहा, आदिवासी समाज दो दिसम्बर तक शांत रहे।

# छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों की बढ़ेगी संख्या

### उद्योगों को अपना हर्बल उत्पाद विक्रय करने में होगी सुविधा

**रायपुर,24 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में वनोपज आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अहम निर्णय लिया गया है। इसके तहत त्रिपक्षीय एमओयू के आधार पर स्थापित वनोपज आधारित उद्योगों द्वारा जो उत्पाद निर्माण किए जाएंगे और इन उत्पादों को छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड अंतर्गत 40 प्रतिशत की छूट के साथ क्रय करते हुए संजीवनी एवं अन्य माध्यमों से विक्रय करने का निर्णय लिया गया

इस फैसले से छत्तीसगढ़ हर्बल्स के अंतर्गत उत्पादों की संख्या बढ़ेगी तथा उद्योगों को अपना हर्बल्स उत्पाद विक्रय करने में एक अतिरिक्त माध्यम मिलेगा, जिससे वनोपज आधारित उद्योगों की स्थापना को और प्रोत्साहन मिलेगा।



गौरतलब है कि वनोपज आधारित उद्योगों के साथ किए गए त्रिपक्षीय एम.ओ.यू के अंतर्गत लघु वनोपज संघ द्वारा कच्चे वनोपज निश्चित दर पर उपलब्धता के आधार पर प्रदान किया जायेगा तथा उद्योगों के द्वारा तैयार उत्पादों का विक्रय एवं विपणन में सहायता प्रदान की जायेगी। वर्तमान में कलेक्टर सेक्टर के स्व-सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित उत्पादों को 35 प्रतिशत की छूट के साथ आवश्यकता के अनुसार क्रय कर संवितरक के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है।

मंत्रीपरिषद की बैठक में एमओयू के तहत स्थापित उद्योगों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को छत्तीसगढ़ हर्बल्स के ब्रांडिंग एवं विपणन हेतु 5 प्रतिशत की राशि अतिरिक्त रखते हुए 40 प्रतिशत की छूट के साथ आवश्यकता एवं मांग के अनुसार क्रय करते हुए संवितरक के माध्यम से विक्रय किए जाने का निर्णय लिया गया।

इससे छत्तीसगढ़ हर्बल्स के अंतर्गत उत्पादों की संख्या बढ़ेगी तथा उद्योगों को भी अपना हर्बल्स उत्पाद विक्रय करने में एक अतिरिक्त माध्यम मिलेगा, जिससे वनोपज आधारित उद्योगों की स्थापना को और प्रोत्साहन मिलेगा।

वर्तमान में त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. अंतर्गत 2 उद्योगों द्वारा उत्पादन प्रारंभ किया गया है, अवनि आयुर्वेदा लिमिटेड, रायपुर द्वारा मिलेट आधारित उत्पादों का तथा कोसर एग्रो प्रायवेट लिमिटेड, पुणे द्वारा इमली से संबंधित उत्पादों का निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है।

## सहदेव दिरदो को बॉलीवुड से आया बड़ा ऑफर

**रायपुर,24 नवम्बर 2022(ए)।** रैपर बादशाह के साथ एक एलबम में रोल करने के बाद सुकमा जिले के रहने वाले सहदेव दिरदो को बॉलीवुड से बड़ा ऑफर आया है। वो जल्द ही अब बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं।सहदेव बॉलीवुड की एक फिल्म में मशहूर एक्टर राजपाल यादव के बचपन का रोल अदा करेंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का नाम शबरी है। इस फिल्म के कुछ हिस्से की शूटिंग छत्तीसगढ़ के अलग-अलग लोकेशन में होगी।



# महिला एवं बाल विकास में हुए तबादले

**चर्चित डीपीओ प्रीति चखियार ढाई महीने में ही कोरिया से पहुंची कोरबा**

**रायपुर,24 नवम्बर 2022(ए)।** महिला एवं बाल विकास विभाग में टुकड़ों में तबादले हो हैं। विभाग के विशेष सचिव पोषण चंद्राकर के हस्ताक्षर से आज ही दो तबादला सूची जारी की गई है। इसमें सबसे चौंकाने वाला नाम प्रीति खोखर चखियार का है, जो बमुश्किल ढाई महीने ही कोरिया जिले में कार्यक्रम अधिकारी के बतौर पदस्थ रहीं, अब इसी पद पर उनका स्थानांतरण कोरबा जिले में कर दिया गया है। यहां पूर्व कार्यक्रम अधिकारी की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद खाली था।




बता दें कि कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार की कोरबा जिले में यह दूसरी पस्थापना है। तब भी उनके कार्यकाल के काफी चर्चे रहे हैं। विभाग से जुड़े लोग इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्या वजह रही कि केवल ढाई महीने में ही मैडम का तबादला कोरिया से कोरबा कर दिया गया। वैसे ये बात जगजाहिर है कि अधिकारी अपने कार्यकाल में कम से कम एक बार कोरबा जरूर जाना चाहता है, और डीएमएफ इसकी प्रमुख वजह है।

महिला एवं बाल विकास विभाग में आज जारी दो तबादला सूची में कुल 6 अधिकारी शामिल हैं। इनमें से कुछ को प्रशिक्षण संस्थान तो कुछ को जिला कार्यक्रम अधिकारी के बतौर जिलों में स्थानांतरण किया गया है।

# भाजपा पार्षद दल ने कहा कांग्रेस ने उड़ाई नियमों की धज्जियां

**बीजेपी पार्षद दाल का आरोप टेंडर ऑनलाइन न हो इसके लिए जानबूझ के एक ही टेंडर को कई टुकड़ों में जारी किया गया,प्रेस वार्ता में उठाया वॉल ऑ करप्शन तेलीबांधा-वीआईपी रोड डिवाइडर का मामला**

**रायपुर,24 नवम्बर 2022(ए)।** रायपुर महापौर और निगम के अधिकारियों की मिली भगत से किए जा रहे भारी भ्रष्टाचार के मामले पर रायपुर नगर निगम भाजपा पार्षद दल की नेता मीनल चौबे, वरिष्ठ पार्षद सूर्यकांत राठौर, मृत्युंजय दुबे ने गंभीर आरोप लगाया है। वार्ता को संबोधित करते हुए बीजेपी पार्षदों ने कहा कि भ्रष्टाचार को कांग्रेस ने नया स्वरुप देने का प्रयास किया है। मामला तेलीबांधा थाना से वीआईपी रोड मोड़ की डिवाइडर का कथित ठेका कार्य है। जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत तेलीबांधा थाना चौक से वीआईपी रोड टर्निंग तक डिवाइडर सौंदर्यीकरण को आमंत्रित निविदा के संबंध में यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है।

निगम की उपरोक्त कार्य प्रणाली के संज्ञान में आने के बाद कहां जाता है कि उपरोक्त कार्य क्रेडाई के द्वारा करवाया जा रहा है। क्या क्रेडाई शहर में कहीं भी कभी भी अपने मन से काम कर देगी । जब क्रेडाई वहां काम कर रही है तो नगर निगम अनटाइड फंड से लगभग दो करोड़ की स्वीकृत राशि का भुगतान किसको किया जाना था दस्तावेज हैं और इन सारे दस्तावेज के साथ पार्षद दल संगठन के नेतृत्व में उपरोक्त कार्य शैली की शिकायत श्वह्लङ्ख को दर्ज करा रहे हैं7 वार्ता में भाजपा रायपुर जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ,वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे प्रमोद साहू माजूद रहे।

बीजेपी पार्षद का सवाल

दिनांक26 अक्टूबर को जोन क्रमांक 10 से जनसंपर्क अधिकारी नगर पालिक जिसमें अनटाइड फंड से महापौर व आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के दस्तखत से आगे की कार्यवाही के लिए फाइल भेजी गई।

जबकि राज्य शासन के स्पष्ट निर्देश है कि प्रशासकीय अनुमोदन हेतु आवश्यक सर्वेक्षण, अनुसंधान, परीक्षण, अध्ययन,आदि पूर्ण रूप से संपन्न कर एवं आवश्यक डिजाइन, ड्राइंग,तैयार कर प्रतिवेदन होना चाहिए 7 जिस दिन





निगम के नाम एक ज्ञापन में एक प्रति महापौर एजाज़ ढेबर को भी भेजी जाती है। संलग्न निविदा में स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि उपरोक्त कार्यो में मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त लगभग दो करोड़ के कार्य को 12 भागों में ऐसा बांटा गया जिसमें ऑनलाइन टेंडर की गुंजाइश न रहे। 30 अक्टूबर को निविदा आमंत्रण का प्रकाशन होता है उसके बाद फाइल मुख्यालय में तकनीकी स्वीकृति के पश्चात वित्तीय स्वीकृति के लिए जाती है। एक ही प्रकार के कार्य के लिए अलग-अलग टेंडर करना निषेध है। फिर भी समान प्रवृत्ति के कार्य का 12 अलग-अलग टेंडर क्यों किया गया? महापौर और आयुक्त के हस्ताक्षर वाली वित्तीय स्वीकृति यह साबित करती है कि दोनों ने राज्य शासन के आदेश की अवहेलना की। और इसके पीछे मंशा यही थी कि उपरोक्त कार्य का टेंडर मैनुअल हो ऑनलाइन ना हो।

दूसरी प्रमुख बात यह है कि नगरीय प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि समाचार पत्र में 30 अक्टूबर को निविदा आमंत्रण का प्रकाशन होता है उस दिन कार्य स्थल पर निर्माण कार्य आधा से ज्यादा हो चुका था। क्या अधिकारियों ने यही सर्वेक्षण किया। अधिकारियों की जानकारी में ठेकेदार वहां काम कर रहा था और ठेकेदार को वर्क आर्डर देने की पूरी तैयारी थी। जिसके इशारे पर इस प्रकार का कृत्य किया गया महापौर और आयुक्त अगर इसमें संलिप्त नहीं है तो ऐसे दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही करेंगे? साथियों जिस स्थल पर उपर्युक्तकार्य होना था वहां एनएचएआई कि संपत्ति है। बिना एनएचएआई की सहमति पत्र के जोन से टेंडर निकालना असंवैधानिक है। बिना एनएचएआई की सहमति पत्र के आयुक्त और महापौर के वित्तीय स्वीकृति के दस्तखत के उपरांत जोन से टेंडर प्रक्रिया करना असंवैधानिक है। और तो और साथियों आश्चर्य की बात है कि फाइल की नस्ती में जो कालम है भूमि स्वामित्व व हस्तांतरण उसमें रिमार्क लिखा जाता है की आवश्यकता नहीं है । इस प्रकार नियम कानून की धज्जियां उड़ाना कांग्रेस द्वारा ही संभव है पूरी तरह से महापौर इसमें शामिल है ।

अगर नगरनिगम की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है तो प्रशासनिकजिम्मेदारी आयुक्त मयंक चतुर्वेदी की बनती है। बीजेपी ने आयुक्त की बात दोहराई कहा जो करना है कर लो , जहां जाना है चले जाओ, ऐसा कह कर हमे डराया नही जा सकता। नगर निगम की गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली का दूसरा उदाहरण रावतपुरा फेस टू के नाली निर्माण का काम है। 17 मई को उपरोक्त स्थल पर नाली एवं रोड निर्माण का कार्य जो कि लगभग एक करोड़ का था उसे भी टुकड़ों टुकड़ों में तोड़ा गया और 5 अलग-अलग पार्ट में टेंडर निकाला गया और एक ही व्यक्ति को काम दिया गया।

मृत्योर्मा अमृतं गमय

प्रेरणा सभा




अत्यंत दुःख एवं करूण्य ह्रदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हम सब के प्रेरणास्त्रोत विजय कुमार पटेल जी का देहावसान, रविवार 13-11-2022 को हो गया है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शांतिपाठ, श्रद्धांजलि एवं प्रेरणा-सभा आयोजित किया गया है। अतः इस दुःख की बेला पर पधारकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।

ऊं शांतिः शांतिः शांतिः

कार्यक्रम
श्रद्धांजलि एवं प्रेरणा-सभा।
26-11-2022 (दोपहर 12 से 1 बजे तक)

कार्यक्रम- स्थल
निवास स्थानः चोपड़ापारा, अम्बिकापुर, सरगुजा
मो. 9967651709, 9109918504

शोकाकुल परिवार-मधु (पत्नी), अर्पित (पुत्र), विभुति, श्रुति, इति (पुत्री) एवं समस्त पटेल परिवार

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)